राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -92 रायपुर मंगलवार 2 अप्रैल 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25





मार्च में 1.78 करोड़ रुपये का कलेक्शन, सालाना आधार पर 11.5% बढ़ा आंकड़ा



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर नहीं बढ़ेगा टोल, निर्णय लिया गया वापस

### ‘आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था विजय नायर’ : ED के सामने केजरीवाल ने दो मंत्रियों के लिए नाम,

# तिहाड़ी हुए केजरीवाल :15 अप्रैल तक जेल

**नईदिल्ली,एजेंसी।**

श्वष्ठ ने बताया- पूछताछ में नहीं कर रहे हैं सहयोगशराब घोटाला मामले में जेल में बंद दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत आज 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट को बताया था कि केजरीवाल उन्हें पूछताछ में समर्थन नहीं कर रहे हैं। इसके बाद अदालत ने उनकी हिरासत को बढ़ा दिया। अब बताया जा रहा है कि तिहाड़ जेल के नंबर पाँच में रहेंगे

जानकारी के मुताबिक ईडी ने कोर्ट से कहा था, हम अरविंद केजरीवाल की ज्यूडिशियल कस्टडी की माँग करते हैं। केजरीवाल हमें कोई सहयोग नहीं कर रहे हैं। वो हमें गुमराह कर रहे हैं। इन्होंने हमें बताया कि विजय नायर इन्हें नहीं रिपोर्ट करते हैं। आतिशी को करते हैं।÷

ईडी ने यह भी बताया कि केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं शेयर कर रहे हैं इसलिए ईडी इनकी कस्टडी की माँग करती है। जाँच एजेंसी ने कस्टडी माँगते हुए अदालत को यह भी दलील दी कि वो एक मोबाइल फ ोन से डेटा निकाला गया है और उसका एनालिसिस कर रहे हैं। इसके अलावा ईडी ने यह भी बताया कि उन्हें केजरीवाल के घर की तलाशी के दौरान 4 डिजिटल डिवाइस मिले थे। जब सीएम से इसका पासवर्ड माँगा गया तो उन्होंने इसे देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अपने वकीलों से बात करने के बाद ही वो शेयर करेंगे। उल्लेखनीय है कि जहाँ अरविंद केजरीवाल की हिरासत 15 दिन और बढ़ गई है। वहीं केजरीवाल ने जेल में रहने के लिए तीन किताबों की माँग की है। उन्होंने इसमें रामायण, महाभारत और पत्रकार नीरजा चौधरी द्वारा लिखित हाऊ प्राइम मिनिस्टर डिसाइड की माँग की है। इससे पहले उन्होंने दवा, स्पेशल डाइट और किताब देने की माँग की थी। बता दें कि इस मामले के अलावा केजरीवाल से जुड़ा एक अन्य मामला कोर्ट में सुना गया। यह केस उनके द्वारा जेल से जारी किए गए सरकारी आदेश से संबंधित था। हालाँकि एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने सुनवाई करते हुए उसकी याचिका को खारिज कर दिया।




**ED** ने अदालत को बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूछताछ में बताया कि घोटाले का आरोपित विजय नायर सौरभ भारद्वाज और आतिशी को रिपोर्ट करते थे। जब श्वष्ठ यह बात कह रही थी, तब कोर्ट रूम में मौजूद अरविंद केजरीवाल चुप थे। इससे पहले 5 अक्टूबर 2023 को सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने भी कोर्ट में यही बात कही थी। दरअसल, इससे पहले 28 मार्च 2024 को राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीएम केजरीवाल ने लंबा-चौड़ा भाषण दिया था। उनके खिलाफ ED ने सी अरविंद के बयान का हवाला दिया था। इसको लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कोर्ट रूम में कहा था, मेरे घर पर ढेरों मंत्री आते रहते हैं। वो आपस में खुसुर-फुसुर करते रहते हैं, डॉक्युमेंट्स देते हैं। उन्होंने पूछा था कि क्या ये बयान एक वर्तमान मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त है।

## ज्ञानवापी के ‘व्यास तहखाना’ में जारी रहेगी पूजा

### सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार

**एजेंसी।**



सुप्रीम कोर्ट में दो अलग-अलग मामलों की सुनवाई में मुस्लिम पक्ष को तगड़ा झटका लगा है। काशी स्थित ज्ञानवापी ढाँचा मामले में सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने व्यास तहखाने में पूजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। वहीं, मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला में जारी ASI की सर्वे पर भी रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

ज्ञानवापी मामले पर सुनवाई के दौरान ष्ट्छ्रढ्ढ डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस जेबी परदीवाला की बेंच ने कहा कि 31 जनवरी 2024 के आदेश के चलते नमाज प्रभावित नहीं हुई है। ज्ञानवापी ढाँचा परिसर में स्थित व्यास तहखाने में हिंदुओं द्वारा की जा रही पूजा के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमिटी ने याचिका लगाई थी। अब इस याचिका पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान मस्जिद पक्ष के वकील हुजैफा अहमदी ने कहा कि निचली अदालत ने व्यास तहखाने में पूजा के अपने आदेश को लागू करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था, लेकिन सरकार ने उसे तुरंत लागू कर दिया। हाई कोर्ट ने भी इस मामले राहत नहीं दी। हुजैफा ने सर्वोच्च न्यायालय से माँग की कि परिसर में स्थित व्यास तहखाने में पूजा पर तुरंत रोक लगाई जाए। सुनवाई के दौरान भारत के CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, ÷तहखाने का प्रवेश दक्षिण से और मस्जिद का उत्तर से है। दोनों एक-दूसरे को प्रभावित नहीं करते हैं। फिलहाल पूजा और नमाज दोनों अपनी-अपनी जगह जारी रहे।÷ मस्जिद कमिटी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति देने वाले निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा गया था।



### गाजियाबाद में कांग्रेस की जमानत होगी जब्त, NDA पार करेगा 400 प्लस का आंकड़ा : केशव प्रसाद मौर्य

**एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को गाजियाबाद के दौरे पर रहे. केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2024 में 300 पार भाजपा और एनडीए गठबंधन 400 का आंकड़ा पार करेगा. केशव प्रसाद मौर्य ने दावा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा जीत रही है. मौर्य ने कहा कि जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा तब तक देश और प्रदेश में कमल खिला रहेगा.

### मोदी ने अधिकारियों से कहा- ‘धमाधम’ काम के लिए तैयार रहे

# डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देना होगा

### जून में शपथ लेगी नई सरकार

**एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को वृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी और साथ ही भरोसे और स्थिरता पर भी ध्यान देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अधिकारियों से ‘धमाधम’ काम के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के अगले ही दिन से भरपूर काम होने वाला है। प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के बाद नई सरकार बनने का भरोसा जताते हुए कहा कि भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए और दृढ़ता तथा गंभीरता से काम शुरू होगा। आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ‘‘अभी 100 दिन चुनाव में व्यस्त हूं। आपके पास भरपूर समय है। आप सोच कर रखिए, क्योंकि शपथ लेने के दूसरे दिन ही धमाधम काम आने वाला है।’’ सात चरण का लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक होगा। वोटों की गिनती चार जून को होगी। नई सरकार जून में शपथ लेगी। प्रधानमंत्री के रूप में 2019 में मोदी के दूसरे कार्यकाल में 100 दिन के भीतर जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ कई कदम उठाये गये थे। मोदी ने कहा कि कई नये क्षेत्र बन रहे हैं और उन क्षेत्रों के वित्तपोषण में विशेषज्ञता विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों पर विचार-विमर्श होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी में नवोन्मेष के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और कार्य के लिए टीम के साथ कर्मचारियों की पहचान के संबंध में आने वाले प्रस्तावों के लिए तैयार रहने को कहा।



**भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी** – उन्होंने कहा, ‘हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।’’ मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। मोदी ने कहा कि ‘ट्विन बैलेंस शीट’ (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है

### मोदी सरकार के 10 सालों में हिमाचल रेल नेटवर्क से देश के बड़े शहरों से जुड़ा : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली/शिमला ।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 10 वर्षों में हिमाचल प्रदेश में रेल सेवाओं का अभूतपूर्व विकास हुआ है। आज देश के कई बड़े शहर रेल लाइन के माध्यम से सीधा हिमाचल के ऊना से जुड़ चुके है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सदा मैं प्रयासरत रहा हूँ। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हिमाचल प्रदेश में भी बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। चाहे रोड हो रेल हो या हवाई सेवा हो पिछले 10 वर्षों में हिमाचल को अनेकों सौग़ातें मोदी सरकार ने दी है। पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश को देश के बड़े शहरों से जोड़ दिया है। आज हिमाचल से दिल्ली, अहमदाबाद, जयपुर, इंदौर, हरिद्वार, मथुरा, वृंदावन, नांदेड़ साहब, जोधपुर, साबरमती, आगरा, उज्जैन, चण्डीगढ़ जैसे कई बड़े शहर रेल नेटवर्क से सीधा जुड़ गए हैं और आगे आने वाले दिनों में कई बड़े शहर जुडने वाले हैं। रेल सुविधाओं की इस बढ़ोत्तरी से आमजनमानस के साथ साथ सैनिकों और श्रद्धालुओं को सबसे ज़्यादा लाभ मिल रहा है




### बीजेपी का मिशन मुंबई,

### सभी 6 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए बनाया मास्टर प्लान

**एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों की तैयारी जोरों पर चल रही है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी यानी बीजेपी ने मिशन मुंबई बनाया। बीजेपी ने मुंबई की सभी 6 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने के लिए मास्टर प्लान बनाया। महाराष्ट्र के सबसे बड़े पर्व गुड़ी पाड़वा को मुंबई में हर घर पर ‘हिंदूत्व की ध्वजा’ लहराई जाएगी। मास्टर प्लान के मुताबिक मराठी बहुल इलाके में एक भव्य हिंदू शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बीजेपी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मुंबई में 400 जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुंबई के हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य बीजेपी नेताओं को दिया गया है।

### बीजेपी ने राहुल गांधी की चुनाव आयोग से की कम्पलेंट, कठोर कार्रवाई की मांग भी की

**एजेंसी।**

नई दिल्ली. केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों की शिकायत की है. भाजपा ने राहुल गांधी द्वारा लगातार और बार-बार इस तरह के बयान देने का हवाला देते हुए चुनाव आयोग से नोटिस देने की बजाय कठोर कार्रवाई करने की मांग की है. भाजपा ने आयोग से राहुल गांधी के भाषण पर रोक लगाने की भी मांग की है.

चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के सामने कई बातें रखी है. रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन की रैली में राहुल गांधी ने कहा था कि लोकसभा चुनाव एक फिक्स्ड मैच की तरह है, केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग में अपने व्यक्ति बैठा दिए हैं. राहुल गांधी ने ईवीएम के मिसयूज़ को लेकर भी बातें कही, जबकि, चुनाव आयोग कई बार यह कह चुका है कि ईवीएम को टेम्पर नहीं किया जा सकता है. पुरी ने राहुल गांधी के बयान की आलोचना जारी रखते हुए आगे कहा कि उन्होंने भाजपा पर संविधान और लोगों को मिले संवैधानिक अधिकारों को छीनने का गलत आरोप लगाया।



# अगले तीन महीने जमकर सितम ढाएगी गर्मी, लू के थपेड़े बढ़ाएंगे परेशानी, आईएमडी की चेतावनी

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए बड़ा मौसम अपडेट जारी किया है. आईएमडी डीजी मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल से लेकर जून महीने के दौरान मैदानी इलाके के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है. इनमें, मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार, दिल्ली शामिल हैं. गौरतलब है कि इस समय पूरे देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे.

**अप्रैल-जून माह में होगी भीषण गर्मी- मौसम विभाग**

मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा अपडेट के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में अप्रैल से लेकर जून के बीच भीषण गर्मी होने की आशंका है, इस दौरान तकरीबन 10 से 20 दिनों तक लू चलने की संभावना है. वहीं मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में तापमान को लेकर भी बदलाव दिख सकता है. मौसम विभाग के मुताबिक, अप्रैल से जून की अवधि के दौरान गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, एमपी, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में लू का सबसे बुरा असर देखने को मिल सकता है. **भारत के कई हिस्सों में होगी भीषण गर्मी- मौसम विभाग** - मौसम विभाग के मुताबिक, अप्रैल और जून माह के दौरान पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे सामान्य से नीचे रहने की संभावना है. वहीं, अप्रैल में देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, मध्य दक्षिण भारत में इसकी ज्यादा संभावना है.




**आठ दिनों तक लू चलने की आशंका- महापात्र**

आईएमडी डीजी मृत्युंजय महापात्र के मुताबिक, इन क्षेत्रों में सामान्यतः एक से तीन दिनों की तुलना में दो से आठ दिनों तक लू चलने की आशंका है. भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच सात चरणों में होंगे.

### एमपी : कांग्रेस को लगा एक और बड़ा झटका, छिंदवाड़ा महापौर ने भी थामा भाजपा का दामन..!



**संवाददात।**

छिंदवाड़ा/भोपाल. एमपी के छिंदवाड़ा में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे है. यहां पर अब महापौर विक्रम अहाके ने भी आज भोपाल स्थित सीएम हाउस पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर ली. उनके साथ सभापति प्रमोद शर्मा ने भी पाला बदल लिया है. गौरतलब है कि इससे पहले अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह ने भी कांग्रेस को छोड़कर भाजपा ज्वाइन की है. पूर्व सीएम कमलनाथ के खास कहे जाने वाले महापौर विक्रम अहाके ने आज सीएम हाउस पहुंचकर भाजपा का दामन थाम लिया है. विक्रम अहाके ऐसे महापौर है जिनकी राहुल व प्रियंका गांधी ने भी तारीफकी थी।

# देश को तीसरी बड़ी शक्ति बनाने में यूपी का बड़ा योगदान-योगी

**नई दिल्ली/ एजेंसी।**

**ग्रेटर नोएडाः** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में गौतमबुद्ध नगर सीट पर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है. इसी क्रम में सोमवार को सीएम योगी ग्रेटर नोएडा पहुंचे. यहां उन्होंने ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में हिस्सा लिया. यहां लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया. सीएम ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियां गिनवाई. उन्होंने कहा कि भारत को तीसरी शक्ति बनने में उत्तर प्रदेश का बड़ा योगदान रहने वाला है.

**सीएम योगी ने कही ये बातें:** सीएम योगी ने जेवर एयरपोर्ट की उपलब्धियों के साथ डबल इंजन की सरकार की भी उपलब्धियां गिनाई. उन्होंने कहा कि भारत को तीसरी शक्ति बनाने में उत्तर प्रदेश का बड़ा योगदान रहने वाला है. क्योंकि जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की इकोनॉमी में एक लाख करोड़ की वृद्धि करने वाला है. अब तो यहां पर मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है, जिस प्रतिबद्धता के साथ सरकार काम कर रही है वह सबके सामने हैं. सीएम योगी बोलें, ‘मुझे 2017 में यहां आने का अवसर प्राप्त हुआ था, यहां आकार मैंने लोगों की समस्याओं को देखा. यहां के जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने यहां की समस्याओं को उठाकर गौतम बुद्ध नगर को देश के अंदर ग्रोथ इंजन के रूप में पहचान दिलाने का काम किया है.’ उन्होंने जनता से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की और कहा कि आपके मतदान से देश में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी.

गौतम बुद्ध नगर के लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सुशासन से सिद्ध कर दिया है कि वह कुशल राजनेता हैं. कार्यक्रम में सीएम योगी के पहुंचने के बाद मौजूद लोगों ने योगी योगी के नारे लगाये इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा की नोएडा इकाई एक सप्ताह से तैयारी में जुटी हुई थी।



## तोशाखाना केस में इमरान खान बुशरा बीबी को राहत

### इस्लामाबाद HC ने निलंबित की 14 साल की सजा

**एजेंसी इस्लामाबाद :**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी रात मिली है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को दी गई 14 साल की सजा सोमवार को निलंबित कर दी। आम चुनाव से कुछ दिन पहले 31 जनवरी को इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत ने इस मामले में दोनों को सजा सुनाई थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद तय की जाएगी।



**ये है आरोप**

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में, 71 वर्षीय खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। तोशाखाना संबंधी नियमों के तहत सरकारी अधिकारी कीमत चुकाकर उपहार रख सकते हैं लेकिन पहले उपहार जमा किया जाना चाहिए। खान और उनकी पत्नी या तो उपहार जमा करने में विफल रहे या कथित तौर पर अपने अधिकार का उपयोग करके इसे कम कीमत पर हासिल किया।

यह मामला देश के अन्य तोशाखाना मामलों से अलग है। इमरान खान ने 2018 में सत्ता संभाली थी और इसके बाद उन्हें आधिकारिक यात्राओं के दौरान करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहार मिले थे। इन महंगे उपहारों को तोशाखाना में जमा कराया गया, लेकिन बाद में इमरान खान ने इन्हें तोशाखाने से सस्ते दाम पर खरीदकर अपने पास रख लिया। बाद में इन्हीं उपहारों को महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया के लिए उन्होंने कानून में बदलाव भी किए।

# सोनकर समाज भाठागांव राज के निर्विरोध अध्यक्ष बने रवि सोनकर


### समाज जबरदस्त उत्साव और उमंग का माहौल





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सोनकर समाज (पंजीयन क्रमांक3275) पिछले कई दशकों से नगर माता बिन्नीबाई सोनकर के आदर्श और मूल्यों को सहेजकर उनके बताएं हुए मार्ग पर प्रशस्त कर समाज में उन्नति, समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर है। उक्त बातें युवा, नेता और समाज सेवक रवि सोनकर ने कही। मौका था भाठागांव सोनकर समाज अध्यक्ष का निर्वाचन जिसमें रवि सोनकर निर्विरोध चुनाव जीतकर अपने नेतृत्व का परिचय दिए हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर जिले के भाठागांव में पिछले कई सालों से छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा समय-समय पर सामाजिक परंपरा और मूल्यों के अनुसार अध्यक्ष पद और बाकी पद का चुनाव होते आ रहे हैं। इस बार भी हुआ, जिसमें समाज ने मुझे निर्विरोध अध्यक्ष चुनकर समाज की सेवा करने की महती जिम्मेदारी दी हैं। मैं विश्वास दिलाता हूं समाज के मंशा और विचार के अनुरूप अपने कार्य का निष्पादन करूंगा। रविवार 31 मार्च 2024 को भाठागांव सोनकर समाज का अध्यक्ष, निर्विरोध रवि सोनकर चुने गए वहीं भाठागांव सोनकर समाज का वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजोरीराम सोनकर को चुने गए, सचिव सुरेन्द्र सोनकर, कोषाध्यक्ष कृष्ण सोनकर , अंकेक्षक छबिलाल सोनकर, उपसचिव दीपक सोनकर कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमल नारायण, नरेन्द्र सोनकर और तोरण सोनकर को बनाया गया। इस दौरान भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

भाठागांव सोनकर समाज का अध्यक्ष रवि सोनकर ने कहा कि हमारे समाज की प्रेरणा बिन्नीबाई सोनकर का आदमकद प्रतिमा स्थापित किया जाये शासन से यह मेरी मांग रहेगी यही मेरा पहली प्राथमिकता रहेगा। हमारे समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र उत्कृष्ठ कार्य किया जा रहा इसे आगे और वृहद रूप में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सोनकर समाज प्रदेश मे कुल 13 स्कूलों का संचालन सोनकर समाज द्वारा किया जा रहा है। इस साल हमारे समाज द्वारा इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने का विचार किया जा रहा है। वहीं मेरी समाज में निर्धन, गरीब विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे पढने् वाले छात्र-छात्राओं को मोटिवेट किया जाएगा, समाज द्वारा उन्हें आर्थिक मदद मिले यह प्रयास किया जाएगा । राजनीति क्षेत्र में हमारे समाज के लोग बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, पार्टी उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें जिम्मेदारी भी दे रही है। जो हमारे समाज के लिए खुशी की बात है। रवि सोनकर पिछले एक दशक से सामाजिक जनसरोकार की भावना को साकार करते हुए वे भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष हैं। इसके साथ ही वे भाठागांव नव दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष भी हैं।



## सांसद पांडे शामिल हुए श्रीमदभगवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में

**लोकशक्ति।** सांसद संतोष ने लिखाः आज ग्राम भागुटोला में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर सर्वमंगल की कामना किया।

## खास - खबर

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मार्च 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र में मार्च 2024 में कुल 106 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 8 कार्यपालक, 89 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के 9 सदस्य भी शामिल हैं। संयंत्र के कार्मिकों हेतु गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन 30 मार्च 2024 को भिलाई निवास के बहुउद्देषीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र की मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी तथा बीएमएस पदाधिकारी आई पी मिश्रा द्वारा कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मार्च 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारीअनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेषक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। दासगुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 106 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हुए।

### एम आर डी विभाग में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एम आर डी विभाग में, मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार के मार्गदर्शन में 28 मार्च 2024 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कचरा मुक्त भारत एवं स्वच्छता ही सेवा को रेखांकित करते हुए, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी साजिद खान द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता कार्यक्रम में, विभाग से महाप्रबंधक आलोक माथुर, महाप्रबंधक दीनामनी नायक, विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे, प्रबंधक प्रशांत यादव, कनिष्ठ अधिकारी कुलदीप तोमर, कनिष्ठ अधिकारी डॉ उपेंद्र शर्मा, चार्ज मेन एवं यूनियन प्रतिनिधि कमलेश राजपूत, अजय शर्मा, विजय वर्मा, मनीष श्रीवास्तव, चैन सिंह साहू, असलम, मुकेश सहित अन्य प्रशिक्षणार्थीगण एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे। अपने घरों एवं आसपास के स्थानों में साफ-सफाई रखने के साथ कार्यस्थल को भी साफ रखना अति आवश्यक है। इसी के महत्व को बताने और कर्मचारियों को जागरूक करने हेतु भी समय समय पर इस तरह के स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

### अफजलुद्दीन हैदर के उर्स मुबारक की तैयारियां शुरू

**भिलाई।** जामा मस्जिद दुर्ग में इमाम रहे हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद अफ्जलुद्दीन हैदर (र.अ.) का उर्स मुबारक ईदुल फित्र के तीसरे दिन भिलाई कैंप-1 के कब्रिस्तान हैदरगंज में मनाया जाएगा। माहे रमजान के ठीक बाद होने वाले इस उर्स को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। हजरत अफ्जलुद्दीन हैदर के बेटे और जामा मस्जिद सेक्टर-6 के साबिक इमाम हाफ्जि मौलाना अजमलुद्दीन हैदर ने बताया कि इस मौके पर सुबह फज्र की नमाज के बाद से कुरआन ख्वानी का सिलसिला शुरू होगा।

# रामनवमी पर शोभायात्रा में शामिल 1100 से अधिक ध्वजवाहकों का सम्मान

### श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा गुंडिचा मंडप सेक्टर -10 में आयोजित किया गया भव्य समारोह

भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा विगत 38 वर्षों से श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर निकाली जा रही शोभायात्रा के ध्वजवाहकों का सम्मान समारोह आज आयोजित किया गया। श्रीरामनवमी उत्सव के 39वें वर्ष के अवसर पर गुंडिचा मण्डप सेक्टर 10 में आयोजित इस सम्मान समारोह में 1100 से अधिक ध्वजवाहकों और झांकी प्रमुखों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप समिति के संरक्षक व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे। उन्होंने सभी ध्वजवाहकों का अभिनंदन-स्वागत करते हुए कहा कि सभी ध्वजवाहक बधाई के पात्र है जिन्होंने 4 दशकों की इस विशाल यात्रा में अपनी भागीदारी दी।




बता दें श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा विगत 38 वर्षों से श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। हर साल की तरह इस साल भी श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा 39वें वर्ष रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। 17 अप्रैल को भिलाई से अलग अलग प्रखंडो से 1100 अधिक ध्वजवाहकों के साथ इस साल यह शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामनवमी पर शोभायात्रा के पहले समिति द्वारा एक मुट्ठी दान- प्रभु श्रीराम के नाम अभियान की शुरूआत भी की गई जो 15 अप्रैल तक चलाया जाएगा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने समस्त भिलाईवासियों से इस पुण्य अभियान में सहभागी बनने आह्वान किया गया।

**राम जोड़ने का नाम है :** श्री पाण्डेय ने कहा कि राम जोड़ने का नाम है, राम का नाम पत्थर पर लिख देने और समुद्र में पत्थर से पत्थर जोड़ने से पुल बन गया था। जो राम का नाम लेता है वह तोड़ने वाला हो ही नहीं सकता और इसलिए समाज के हर वर्ग को जोड़ करके हमारी जो अपनी संस्कृति है, हम लोग की कोशिशें हैं कि हम जिस समाज, जिस सनातन धर्म में हमारा जन्म हुआ है, हमारा इस समाज से, इस भारतवर्ष के लिए, इस समाज के लिए जो हमारा कर्तव्य है, हम खुद भी करें और आने वाली पीढ़ियों को भी उससे धीरे धीरे जोड़ते जाएं। श्री पाण्डेय ने बताया कि समिति द्वारा विगत वर्ष चलाये गये एक मुट्ठी दान- प्रभु श्रीराम के नाम अभियान को इस वर्ष भी चलाया जाएगा। जिसके तहत आज इसकी शुरूआत करते हुए सेक्टर -10 के विभिन्न घरों से अन्न दान प्राप्त किया गया। समिति द्वारा सोमवार से यह अभियान वृहद रूप से चलाया जाएगा। विगत वर्ष भिलाईवासियों ने 100 क्विंटल से अधिक अनाज दान किया था।

### रामभक्तों की एक विशाल सेना खड़ी है

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि 38 वर्षों से श्रीराम जन्मोत्सव समिति लगातार शोभायात्रा निकाल रही है। इस शोभायात्रा में आज 1100 से अधिक मंदिरों, पूजा स्थलों से ध्वजवाहक भगवा ध्वज के साथ शोभायात्रा निकालते हैं। ये सभी ध्वजवाहक श्रीराम के जयघोष के साथ दशकों से भगवा ध्वज को ऊंचा रखे हुए हैं, विषम परिस्थितियों में भी कभी भी इन रामभक्तों के पांव नहीं थमें। आज रामभक्तों की एक विशाल सेना खड़ी हुई है जो चार दशकों की सक्रियता का परिणाम है। श्री पाण्डेय ने कहा कि हम इन ध्वजवाहकों का सम्मान इसलिए नहीं करते क्योंकि ये ध्वजवाहक हैं बल्कि इसलिए करते हैं कि ये पूरे नियमों का पालन करते हुए पूरी आस्था और समर्पण के साथ ध्वज लेकर चलता है। उन्होने कहा कि मैं समिति के सभी सदस्यों रामभक्तों को साधुवाद देता हूं जिन्होंने चार दशकों से लगातार इस श्रीरामनवमी के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

### दशकों की यात्रा का श्रेय रामभक्तों को : मनीष पाण्डेय

कार्यक्रम में उपस्थित श्री राम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने कहा कि समिति की इन 4 दशकों की यात्रा, भव्य कार्यक्रमों, एकजुटता और समाज के लिए किये गये कार्यों का यदि श्रेय किसी को जाता है तो वो यहां उपस्थित रामभक्तों को जाता है। आप सभी की वजह से समिति 4 दशकों से निरंतर अपने कर्तव्यपथ पर अग्रसर है। जिस राममंदिर के निर्माण के उद्देश्य से समिति की नींव रखी गई थी वह उद्देश्य तो पूर्ण हो गया किंतु हमारा दायित्व अभी खत्म नहीं हुआ है। हमें अभी भी निरंतर कार्य करना है, जो सनातन विरोधी हैं, जो राम विरोधी हैं जो लोगों को बांटने का कार्य कर रहे हैं उनके विरूद्ध हमारी लड़ाई जारी रहेगी। श्री पाण्डेय ने कहा कि जो लोग धर्म और संस्कृति पर निरंतर प्रहार कर रहे हैं और छत्तीसगढ़ ऐसे लोगों का गढ़ बन गया था। पिछले पांच वर्षों में जिसमें धर्म परिवर्तन सबसे ज्यादा संख्या में अगर नहीं हुआ होगा पूरे देश के अंदर जो छत्तीसगढ़ के अंदर हुआ होगा तो आज हम सब को सिर्फराम मंदिर बन जाने से संतुष्ट नहीं होना है। राम मंदिर बनना हम सबके लिए धर्म और संस्कृति को संजोकर रखने वाली बात है और उसके साथ साथ अपने धर्म और अपने संस्कृति को बचाने वाली भी बात है। आने वाले समय में भी एकजुट रहना है और राम जन्मोत्सव समिति इस भिलाई में निरंतर इस तरीके के कार्य करते आ रही है।

## वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन बस्तर प्रवास पर, लोकसभा क्षेत्र के सभी जिलों में होने वाली बैठकों में करेंगे शिरकत



**भिलाई।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन के निर्देश पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन रविवार को जगदलपुर रवाना हुए। बस्तर संभाग में लोकसभा की कुल आठ विधानसभा सीटों कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सेन समाज के प्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क करेंगे तथा अगले चार दिन तक विभिन्न बैठकों में भी शामिल होंगे।

रायपुर विमानतल से जगदलपुर रवानगी पूर्व विधायक सेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ का बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अपने अनूठे आदिवासी मूल निवासियों और संस्कृति के लिए जाना जाता है। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से एक बस्तर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है, यह बीजेपी का गढ़ रहा है। यहां से बीजेपी 1998 से 2014 तक लगातार पिछले 6 चुनाव जीतते आ रही है। बस्तर उत्तर-पश्चिम में नारायणपुर जिले से, उत्तर में कोंडागांव जिले से, पूर्व में ओडिशा राज्य के नबरंगपुर और कोरापुट जिलों से, दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम में दंतेवाड़ा और सुकमा से घिरा हुआ है।

विधायक रिकेश ने कहा इस क्षेत्र में आदिवासी और उड़िया संस्कृति का अनूठा मिश्रण है तथा बड़ी संख्या में नाई समाज के लोग निवास करते हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने नाई समाज से पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुरजी को भारत रत्न देकर पिछड़ा वर्ग का मान बढ़ाया है। मोदीजी ने ही वैशाली नगर से मुझे टिकट दिया और वैशाली नगर की जनता ने 41 हजार मतों के बड़े अंतर से मुझे जिताया है। छत्तीसगढ़ से लोकसभा की सभी 11 सीटों पर भाजपा को भारी मतों से जीता कर मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हम सभी संकल्पित हैं।

छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन के निर्देश पर आज से मैं अगले चार दिन तक जगदलपुर प्रवास पर रहूंगा तथा इस दौरान सेन समाज सहित विभिन्न प्रतिनिधियों के साथ अनेक बैठकों में शामिल होकर भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप को भारी मतों के अंतर से विजयी बनाने अभेद्य रणनीति तय की जाएगी। बस्तर की कुल आठ विधानसभा सीटों पर अलग-अलग समय पर उनकी बैठकों का निर्धारण किया गया है जिसमें वह समाज के प्रतिनिधियों और भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

## यूनिवर्सल रेल मिल के कर्मचारी हुए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल के (ओसीटी) भेष राम और (ओसीटी) सतीश कुमार का कर्म शिरोमणि पुरस्कार हेतु चयन हुआ और उन्हें सम्मानित किया गया। कर्म शिरोमणि पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य अपने कार्यस्थल में नवीनता, बेहतर संसाधनों का उपयोग एवं संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने, सुरक्षा के मानक मापदण्डों के साथ विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ एवं सृजनशील कार्मिकों को विशेष पहचान प्रदान कर सम्मानित करना है।

समारोह में चयनित कार्मिकों को मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ उनके जीवनसाथी को प्रशंसा पत्र तथा मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित होने वाले कार्मिक को बधाई देते हुए उनके कार्य के प्रति कर्मठ योगदान की प्रशंसा की।

समारोह में महाप्रबंधक शिशिर शुक्ला, महाप्रबंधक संजय कुमार, महाप्रबंधक एस के ओस्वाल, महाप्रबंधक रजत मुखर्जी, महाप्रबंधक डी बेहरा, वरिष्ठ प्रबंधक बिरेन्द्र कुमार, प्रबंधक अक्षय कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी बहोरंलाल साहू सहित अन्य अधिकारीगण तथा कार्मिकगण उपस्थित थे। पुरस्कृत कार्मिकों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के पुरस्कार से उनका मनोबल बढ़ा है एवं उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक राहुल थोटे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन (एमटीए) शिरीन ने किया।

# शिवनाथ में गंदा पानी को रोकने के लिए दो स्थानों पर होगा सिवरेज प्लान्ट का निर्माण

### पुलगांव एवं उरला में नाले के करीब 147.93 करोड़ से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्लान तैयार

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत शहर के विभिन्न छोटे बड़े नाले एवं नालियों से होकर पुलगांव नाला एवं शंकर नाला से होते हुए शिवनाथ नदी में मिलने वाले गंदा पानी को एनजीटी के दिशा निर्देश अनुसार नदी में मिलने से पूर्व पानी का उपचार कर पानी का पुनः उपयोग किया जाना है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनने से शहर के घरों से निकलने वाले गंदे पानी को जो नालियों के माध्यम से नाले में चला जाता है।



फिर नाले से वही प्रदुषित पानी नदी में मिल जाता है जिससे जनस्वाथ्य पर बुरा असर होता है।नगर निगम दुर्ग द्वारा शिवनाथ नदी के मुहाने पर स्थित इंटेकवेल से लगकर शासकीय भूमि तथा उरला स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 94 की भूमि को चिन्हांकित कर सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु भूमि मांग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए दावा आपत्ति का प्रकाशन भी किया गया है, भूमि आबंटन पश्चात् इसका सीमांकन कराया जाएगा।

डीपीआर अनुसार इस प्रस्ताव हेतु अमृत मिशन 2.0 योजनांतर्गत 147.93 करोड़ रुपये लागत राशि प्रस्तावित है। पुष्पवाटिका के समीप बनने वाली एसटीपी 24 एमएलडी और उरला में बनने वाली एसटीपी की क्षमता 47 एमएलडी की होगी। नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने भवन अधिकारी एवं सहायक अभियंता गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व उपअभियंता मोहित मरकाम के साथ शिवनाथ नदी पुलगांव व उरला स्थित ख.नं0 94 जमीन का मौका मुआयना किया है। सहायक अभियंता व भवन अधिकारी गिरीश दीवान ने बताया, कि निगम प्रशासन द्वारा उरला स्थित प्रस्तावित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को सोलर पैनल के माध्यम से संचालित किया जायेगा, जिससे विद्युत व्यय से मुक्ति मिलेगी तथा अतिरिक्त उत्पादन को ग्रिड के माध्यम से पुलगांव एसटीपी में समयोजित किया जाना जाएगा, जिससे एसटीपी संचालन की विद्युत लागत लगभग नगण्य रहेगी। आपको बता दे कि एसटीपी प्लांट के माध्यम से नालों के गंदे पानी को ट्रीटमेंट प्लान्ट में शुद्धिकरण पश्चात् नदी में, कृषि एवं उधोगो में उपयोग किया जायेगा। चिन्हित स्थल पर निर्माण कार्य हेतु भूमि आबंटन पश्चात निर्माण संबंधी आवश्यक कार्रवाही की जाएगी, निर्माण कार्य होने से नदी का पानी की शुद्धता एवं शहर को मिलने वाला पीने का पानी और भी शुद्ध व गुणवत्ता को बनाये रखने में सुविधा होगी साथ ही कृषि व औद्योगिक क्षेत्र में उपयोग किया जाएगा, जिससे निगम के आय में वृद्धि के साथ एनजीटी के नियमों का पालन करते हुए शहर के नालों से निकलने वाले गंदे पानी को प्राकृतिक जल स्त्रोत में मिलने से पहले उसका उपचार किया जाना संभव हो जायेगा।

# केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने कृत संकल्पित : संतोष पांडे

**लोकशक्ति राजनांदगाँव।**



भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे आज सुबह कवर्धा विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा स्तरीय बैठक में सम्मिलित होने के पश्चात जिले के ग्राम लासाटोला, नवापारा, बदराडीह, सोहगपुर एवं छांटा में सघन जनसम्पर्क करते हुए ग्रामीणों के बीच जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान श्री पांडे का ग्रामीणों एवं माता बहनों ने विजय तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया एवं उन्हे फूल मालाओं से लाद दिया अनेक स्थानों पर बुजुर्ग माताओं ने श्री पांडे को आशीर्वाद दिया वहीं बहनों ने आरती उतारी। वे देर शाम मैनपुरी, मुड़घुसरी, चिमागोंदी, भालूटोला मे भी जनसम्पर्क करते हुए जनसभाओं को संबोधित करेंगे। विभिन्न स्थानों पर सभाओं को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा की केंद्र में कांग्रेस शासन के 10 वर्ष एवं प्रदेश में 05 वर्षों में भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुच गया था। केंद्र में भाजपा की सरकार आने की पश्चात भ्रष्टाचारीयों पर नकेल कसने का काम किया गया हैं,इसके लिए केंद्र की सवैधानिक संस्था ईडी एवं सीबीआई जांच करके दोषियों पर कार्यवाही कर रही हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पांडे ने कहा कि आज बड़े ङ्क बड़े भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों के पीछे हैं, उन्हे सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही हैं, उन्होंने कहा कि ईडी एवं सीबीआई एक स्वतंत्र संस्था हैं जो अपना काम कर रही हैं उसमे भाजपा का कोई हस्ताक्षेप नहीं हैं। श्री पांडे ने कल दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित लोकतंत्र बचाव रैली को भ्रष्टाचार और परिवार बचाओ रैली करार दिया और कहा की ÷मोदी हटाओं÷ के लक्ष्य पर काम करने वाले विपक्ष का जनता के हित और देश के विकास से कोई सरोकार नहीं हैं, उन्होंने आगे कहा की उक्त रैली ऐसे राज्य दिल्ली में हुई हैं जंहा का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में हिरासत में हैं, भाजपा देश में हुए भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने के लिए कृत संकल्पित हैं।

श्री पांडे ने छत्तीसगढ़ राज्य की बात करते हुए महादेव एप,आबकारी घोटाला, चाँवल घोटाला सहित अनेक भ्रष्टाचार के मामलों पर कहा की इन घोटालेबाजों पर भी ईडी एवं सीबीआई शिकंजा कस चुका हैं। इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल के विरुद्ध भी उक्त घोटालों में सम्मिलित होने के प्रमाण मिल रहें हैं, समय आने पर इन पर भी ईडी एवं सीबीआई अपना काम करेगी। कोई भी दोषी बखसे नहीं जाएंगे।

श्री पांडे ने आम मतदाताओं से अपील की कि घोंटालों में संलग्न प्रत्याशी को भारी मतों से पराजित करने हेतु अपना मतदान करें एवं कमल फूल को विजयी बनाकर देश में नरेंद्र मोदी को ससक्त बानवे। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, दिनेश चंद्रवंशी, चंदन पटेल,पर्यटन वर्मा, शंकर सोनवानी, देव चौबे, लाल कौशिक, सीदार पटेल, बिसेन कौशिक, अश्वनी कौशिक सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से निकाला फ्लैग मार्च

कोरबा, होली एवं रमजान ईद त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चैहान व श्रीमती नेहा वर्मा एवं सभी राजपत्रित अधिकारीयों के पर्यवेक्षण में सभी थानाध्चैकी क्षेत्र में आज प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया । गुंडे तथा असामाजिक तत्वों को हतोत्साहित और जन सामान्य में सुरक्षा का बोध कराने प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली से लेकर शहर के मुख्य चैक चैराहे से होते हुए कोसाबाड़ी तक फ्लैग मार्च निकला गया। जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस के तरफ से कुल 200 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारीयों ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार थाना कटघोरा, दर्री, करतला, पाली, बांगो, दीपका क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। चारपहिया एवं दोपहिया वाहन में सवार पुलिस कर्मियों के द्वारा होली एवं शब ए बरात त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने हेतु अपील की गई। साथ ही जिले के गली मोहल्लों एवं चैक चैराहों में पुलिस बल द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने हेतु अपील की जा रही है।

## कलेक्टर ने जिला कोषालय और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिला कोषालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कलेक्टर साहू ने सभी प्रकार के अदालती एवं गैरअदालती मुद्रांको का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। साथ ही साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम के दस्तावेजों के रखरखाव के संबंध में गाईडलाईन भी दिये । निरीक्षण के समय चन्द्रपाल सिह ठाकुर जिला कोषालय अधिकारी, वासु जैन (आई.ए.एस) एआरओ एवं अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़, अनिकेत साहू उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सुवर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर उपस्थित थे।

## (सारंगढ़-बिलाईगढ़) महिलाओं ने विविध कार्यक्रम कर मतदाताओं को जागरूक किया

सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ श्रीमति संजू पटेल द्वारा ग्राम पंचायत सालर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया, जिसमें कलस्टर समूह की महिलाओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली और अपने हाथो में मेहदी से स्वीप लिखवाकर लोगो को वोट डालने के लिए उत्साहित किया। साथ ही साथ सभी महिलाओं ने सामूहिक मतदाता शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने रैली निकालकर हम महिलाओ ने ठाना है, सबको वोट कराना है नारे के जन जन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## सीजी टीईटी और बीएससी नर्सिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन 7 तक

सारंगढ़ बिलाईगढ, । छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए और छत्तीसगढ़ राज्य का टीईटी परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 07 अप्रैल 2024 निर्धारित है। अभ्यर्थिंयों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद 08 अप्रैल से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी।इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट और पर ऑनलाईन 07 अप्रैल तक भर सकते है। छत्तीसगढ़ राज्य का टीईटी परीक्षा 23 जून 2024 को निर्धारित है।

व्यवसायिक परीक्षा मण्डल के संयुक्त नियंत्रक जे. सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन कोई परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून 2024 को आयोजित होगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

## हितग्राहियों से रिश्वत लेने के कारण रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

सारंगढ़-बिलाईगढ़, जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत झुमका में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायक निर्मला बकावले के विरुद्ध हितग्राहियों से अवैध रूप से राशि वसूल किए जाने की शिकायत प्राप्त हुआ था। शिकायत पर किए गए जांच प्रतिवेदन के निष्कर्ष अनुसार संबंधित ग्राम रोजगार सहायक की तत्काल सेवा समाप्त किया गया है। इस आशय के पत्र परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने जारी किया है।

## मतदान दलों का किया गया रेंडमाईजेशन

रायपुर , लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में मतदान दलों का रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह, उप जिला निर्वावन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### 7 तक भरे जाएंगे नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए फार्म

13 जून को होगी प्रवेश परीक्षा, बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में मिलेगा प्रवेश 0 अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर 07 अप्रैल तक ऑनलाईन कर सकेंगे आवेदन रायपुर , 01 अप्रैल (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 07 अप्रैल 2024 निर्धारित कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर ऑनलाईन 07 अप्रैल तक भर सकते है। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून 2024 को आयोजित होगी। व्यवसायिक परीक्षा मण्डल के संयुक्त नियंत्रक जे. सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन कोई परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद 08 अप्रैल से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी।

# हादसे के बाद जागी पुलिस, अब माल के सुरक्षा की होगी मॉनिटरिंग

### चोरी के तीन मामलों का हुआ खुलासा

**कोरबा-रायपुर,** कोरबा पुलिस ने चोरी के तीन मामलों का खुलासा करते हुए इसमें शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया श्रीमती पुर्णिमा महंत के द्वारा एक लिखित आवेदन थाना दीपका मे दिया गया कि दिनांक 19.03.2024 से 21.03.2024 के मध्य घर का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपियों द्वारा घर मे रखे सोने, चांदी के जेवर एवं नगदी रकम को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 126/2024 धारा 457, 380, 34, 411 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले कि गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व मे दीपका थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी द्वारा टीम गठित किया गया। पुलिस के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं प्रार्थी से घटना के संबंध मे विवरण लिया गया। आरोपी की पतासाजी के दौरान प्रार्थिया के संदेह पर अनिकेत कुमार कंवर उर्फ अंशु को पकड़कर पुछताछ किया गया जिस पर उसने पहले अपना अपराध को छुपाने कि कोशिश किया बाद पुलिस के द्वारा कडाई से पुछताछ करने पर उसने गाँव मे घुमते समय सूने मकान और दरवाजे मे ताला लगा देखकर अपने साथी उत्तम पठारी निवासी मोगरा बस्ती को बताया जो रात्रि मे अपने दोस्त धीरज झा एवं ओम प्रकाश उर्फसोनु उर्फलेपटाप के साथ मोटर साइकल से विजयनगर आये और प्रार्थी के घर के गैंती से घर का ताला तोडकर सोने चांदी एवं नगदी रकम को चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के द्वारा आरोपी अनिकेत उर्फ अंशु के निशानदेही पर बॉकीमोंगरा निवासी उत्तम पठारी एवं धीरज झा को पकड़ा गया। आरोपियों से पुछताछ में पता चला कि बॉकी थाना अंतर्गत ग्राम नागिनभाठा एवं जवाली के सुने मकानो मे भी चोरी करना स्वीकार किया। जिसमे एक आरोपी ओमप्रकाश उर्फ सोनु उर्फ लेपटाप निवासी बॉकीमोंगरा फरार है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने चाँदी एवं नगदी को बरामद किया गया। जिस पर आरोपीयों के विरूद्ध थाना दीपका मे अपराध क्रमांक 126/2024 धारा 457, 380, 34, 411 भादवि, थाना बॉकीमोंगरा के अपराध क्रमांक 58/2024 धारा 454, 380 भादवि तथा अप. क्र. 67/2024 धारा 457, 380 भादवि के तहत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में धारा 144 लागू : कलेक्टर ने आदेश जारी किया

सारंगढ़ बिलाईगढ, 23 मार्च (आरएनएस)। कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू ने आचार संहिता लागू दिनांक से आदेश जारी कर जिले में 144 धारा लागू किया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) एवं (2) के अन्तर्गत निर्वाचन के दौरान शांति-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़, के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा है। इसके अंतर्गत जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंदर कोई भी व्यक्ति, किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दुक, रायफल, पिस्टल, भाला, यल्लम, बरछा, तलवार, गुप्ती, खूखरी लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सडक, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं,रैली, जुलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और आपत्तिजनक नारे नहीं लगायेगा। आपत्तिजनक पोस्टर आदि प्रदर्शित, वितरित नहीं करेगा। जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या दल, बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा। साथ ही किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, चक्का जाम एवं पुतला दहन किसी भी स्थिति में वर्जित रहेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आमसभा, जुलूस, घरना आदि आयोजित करने के 24 घंटा पूर्व उसकी विधिवत् लिखित सूचना सक्षम प्राधिकारी को देगा तथा अनुमति प्राप्त होने के बाद संबंधित राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति आम सभा, जुलूस, घरना आदि का आयोजन कर सकेगा।कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अन्तर्गत आने वाले नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी धार्मिक स्थल या उसके आस-पास 100 मीटर की परिधि में आमसभा का आयोजन नहीं करेगा और न ही धार्मिक स्थलों का उपयोग किसी भी तरह के राजनैतिक प्रयोजनों हेतु करेगा। किसी भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से किसी प्रकार के नारे-बाजी या प्रचार प्रसार एवं वक्तव्य का उद्?घोष नहीं करेगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में किसी भी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र, नारेबाजी या प्रचार प्रसार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### दीपका रेल पथ : कृष्णा नगर वासियों के लिए बना मुसीबत, ऊर्जाधानी संगठन ने किया विरोध

कोरबा,। गेवरा-पेंड्रा रेल कारीडोर पथ निर्माण एजेंसी इरकान द्वारा निर्माण कराया जा रहा है और विगत दिवस निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कृष्णा नगर को मुख्य मार्ग से जोडने वाली सडक को बंद करने की योजना पर लोंगो से बातचीत किया है जिससे यहां के रहवासियों की भविष्य की समस्या को लेकर चिंता बढ़ गयी है । गेवरा से पेंड्रा तक रेल कारीडोर निर्माण राज्य शासन , एसईसीएल और रेलवे के सयुंक्त हिस्सेदारी से कराया जा रहा जिसके लिए इरकान कंपनी को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। रेल कॉरिडोर से गेवरा व दीपका खदान को जोडने के लिए दीपका अंतर्गत कृष्णानगर के 42 मकान और स्थित भूमि का अर्जन किया गया है जिसका मुआवजा भुगतान किया जा चुका है और अर्जित क्षेत्र में बने मकान को ध्वस्त कर रेल पथ का निर्माण जारी है । किंतु निर्माण एजेंसी के कार्य मे लगे अधिकारी व कर्मचारियों की मनमानी से लोंगो बेवजह परेशानी उठाना पड़ रहा है । पूरे रेल लाइन के कारण विभिन्न ग्रामो के किसानों की खेती नही कर पा रहे हैं और बरसात का पानी खेतों जाम हो जाने की शिकायत मिलती रहती है । कृष्णा नगर के 16 लोंगो की मकानों व परिसम्पतियों का मुआवजा भुगतान नही होने से 1 साल तक ऊर्जाधानी सन्गठन के नेतृत्व में ग्रामीणों के द्वारा लगातार आंदोलन चलाया गया था और आखिरकार क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया था । इसी तरह से निर्माण कार्य मे लगे ठेकेदार द्वारा एक व्यक्ति की निजी हक की भूमि पर मिट्टी पाट दिया गया था भारी विरोध के बाद पुनरू सीमांकन कर मलबा हटाया गया था । अब रेल कॉरिडोर निर्माण के तीनों इकाइयों के अधिकारियों ने कृष्णा नगर को जोडने वाली सडक को ही बंद करने की योजना बनाई है जिससे यहां के लोंगो की चिंता बढ़ गयी है । ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने बताया हैं कि गेवरा पेंड्रा रेल कॉरिडोर से दीपका एवं गेवरा रेल लाइन को जोडने के लिए दो रेल लाइन बिछाई जा रही है जबकि एक रेल लाइन पहले से दीपका गेवरा लाइन मौजूद है जिसके कारण कृष्णा नगर चारों दिशाओं से घिर जाएगी और भविष्य में यहां के लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो जाएगा ।

## आबकारी एक्ट के 10 प्रकरणों में 42.7 लीटर अवैध शराब जब्त

**राजनांदगांव-रायपुर,** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदशन में आगामी लोकसभा चुनाव और होली त्योहार को मद्देनजर रखते हुये कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश किया गया था जिसके तहत दिनांक 22.03.2024 को थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, डोंगरगढ़, घुमका, छुरिया एवं ओपी चिचोला, सुरगी पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के मामले में 10 प्रकरणों में 10 आरोपियों के कब्जे से कब्जे से अंग्रेजी/देशी प्लेन/महुआ शराब 42.7 लीटर कीमती 19360/-रूपये एवं बिक्री रकम 1270/-रूपये जुमला कीमती 20,630/-रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही। साथ ही असामाजिक तत्वों के विरूद्ध थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, घुमका, गैंदाटोला, डोंगरगढ़, छुरिया एवं ओपी सुरगी, चिचोला पुलिस द्वारा 151/107, 116 के तहत 09 प्रकरणों में 29 व्यक्तियों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही। यह कार्यवाही आगे भी रहेगी जारी।

# रायपुर यातायात पुलिस लगा रही चौक चौराहों पर उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के लिए यातायात की पाठशाला

### नेहरू का लोकतंत्र का मॉडल और लोहिया का आदर्शवाद आज की जरूरत : चौबे

**o डॉ लोहिया की जयंती पर परिचर्चा का आयोजन, जुटे समाजवादी चिंतक-विचारक**



भिलाई,। प्रखर चिंतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया की 115 वीं जयंती पर परिचर्चा का आयोजन शनिवार की सुबह लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान रूआबांधा सेक्टर एचएससीएल कॉलोनी में किया गया। भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान, चंद्रशेखर फाउंडेशन और समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) राष्ट्रीय के संयुक्त प्रावधान में आयोजित इस पर परिचर्चा का विषय ''नेहरू-लोहिया और वर्तमान समय की चुनौतियां'' रखा गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रदीप चौबे थे और अध्यक्षता भिलाई स्टील प्लांट के श्रमिक संगठन एचएमएस के महामंत्री प्रमोद मिश्रा ने की।

शुरूआत में डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही अमर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान का स्मरण भी किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रदीप चौबे ने कहा कि आज भी देश में ऐसे लोग मौजूद हैं जो किसी भी तानाशाही और गैर लोकतांत्रिक कदम को अच्छी तरह समझ रहे हैं और इसे रोकने के लिए आगे आ रहे हैं। यह लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छा संकेत है।

उन्होंने कहा कि स्व. राम मनोहर लोहिया ने जीते जी अपना जन्मदिन मनाने से अपने साथियों को हमेशा मना किया क्योंकि यह दिन भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव की शहादत का दिन है लेकिन व्यक्ति पूजा के हमारे देश में हम लोगों ने गांधी, लोहिया और जयप्रकाश के गुजरने के बाद उनके आदर्शों को याद करने उनकी जयंती पुण्यतिथि को हमने एक माध्यम बनाया है।

उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू अपनी सरकार की आलोचना को सकारात्मक ढंग से लेते थे और संसद में हमेशा अपनी सरकार की आलोचना सुनने पूरे समय मौजूद रहते थे। उन्होंने कहा कि लोहिया और नेहरू दोनों ही गांधी के अन्यतम शिष्य थे और जिस दिन महात्मा गांधी की हत्या की गई उसे दिन बुलावे पर लोहिया अपने घर से महात्मा गांधी से मिलने ही निकले थे लेकिन रास्ते में ही उनको खबर लगी कि महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई है। इसके बाद लोहिया जिंदगी भर महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते रहे इसी तरह नेहरू ने भी हमेशा गांधी का ही रास्ता चुना।

अध्यक्षता कर रहे एचएमएस के महामंत्री प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि मौजूदा दौर में विपक्ष को लगातार कमजोर किया जा रहा है है जिसका सीधा असर श्रमिक और श्रम कानून पर पड़ा है। आज उद्योगों और उद्योगपतियों के हित में श्रम कानून बनाए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कदम है।

## शासकीय नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी पर अपराध दर्ज

कोरबा । अपने आपको शासकीय कर्मचारी बताकर एक पान दुकान के संचालक को एक व्यक्ति ने ठग लिया। संचालक को सिंचाई विभाग व उसकी बहन को राजस्व विभाग में पटवारी पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख रूपये ले लिया। साथ ही फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया। ढोढीपारा निवासी विकास राठौर पान दुकान का संचालन करता है। उसने पुलिस को बताया कि भीखारी लाल कर्ष से सका परिचय बजरंग श्रीवास निवासी बुधवारी बाजार ने कराया था। साथ ही कहा था कि भिखारी लाल कर्ष नौकरी लगवाता है, इसके साथ ही उसके घर भी ले गया। विकास अपने मित्र के बात में आ गया और उसने भीखारी लाल से नौकरी लगाने के संबंध चर्चा की। इस बीच दिसंबर 2016 के अंतिम सप्ताह से फरवरी 2017 के मध्य विकास ने भीखारी लाल को चरणबद्ध ढंग से सात लाख रूपये दिए। दोनों के मध्य समझौता हुआ कि इस राशि के एवज में उसे (विकास) सिंचाई विभाग में पटवारी तथा उसकी बहन पिंकी रानी को राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर नौकरी दिलाएगा। इस बीच उसने अपर सचिव छग शासन क्षेत्रीय कार्यालय (कलेक्टोरेट) रायपुर महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के आदेश का लिपिक पद का फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। बाद में सच्चाई सामने आने पर उसने रूपये वापस करने के लिए दबाव बनाया, तब रुपये वापसी का दबाव बनाए जाने पर उसके द्वारा एक शपथ पत्र 10 नवंबर 2019 के साथ ही छह लाख रूपये का चेक दिया, इसमें तारीख अंकित नहीं था। साथ ही एक लाख रुपये ट्रांसफर करने का भरोसा दिलाया। इसके बावजूद राशि वापस नहीं की।

## संपादकीय

### बड़ी टेक कंपनियों की परीक्षा

डिजिटल मार्केट अधिनियम (डीएमए) के प्रवर्तन के कुछ सप्ताह बाद यूरोपीय आयोग ने गूगल, मेटा, एमेजॉन और ऐपल की जांच शुरू की है। यह जांच निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी डिजिटल मार्केट तैयार करने के लिए जरूरी अहम सिद्धांतों का पालन नहीं करने के आरोपों के कारण की जा रही है। ये जांच किसी न किसी रूप में ऐतिहासिक घटना साबित होगी क्योंकि जिन कंपनियों की जांच की जा रही है वे वैश्विक स्तर पर दबदबा रखने वाली कंपनियां हैं।

आयोग खासतौर पर अल्फाबेट के उन नियमों पर गौर कर रहा है जो गूगल प्ले के संचालन तथा गूगल सर्च की खुद को वरीयता देने तथा ऐप स्टोर में ऐपल के संचालन के साथ-साथ सफारी के लिए स्क्रीन के चयन तथा मेटा के 'भुगतान या सहमति मॉडल' पर गौर कर रहा है। इसके अलावा आयोग ने वैकल्पिक ऐप स्टोरों के लिए ऐपल के नए शुल्क ढांचे तथा एमेजॉन की रैंकिंग व्यवस्था को लेकर भी जांच आरंभ की है।

डीएमए ने बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को 'गेटकीपर' की अर्हता देने के लिए एक खास लक्ष्य मानक तय किया है। गेटकीपर की आर्थिक स्थिति मजबूत होनी चाहिए, उसका बाजार पर अच्छा खासा असर होना चाहिए और उसे यूरोपीय संघ के कई देशों में सक्रिय होना चाहिए।

उसे एक मजबूत मध्यवर्ती होना चाहिए, उसे कई तरह के व्यापारों में व्यापक उपयोगकर्ताओं से संबद्ध होना चाहिए और उसे बीते तीन वित्त वर्षों के दौरान इन सभी मानकों पर खरा होना चाहिए।



### गेटकीपर के रूप में तैयार किया गया

एक मजबूत मध्यवर्ती होना चाहिए, उसे कई तरह के व्यापारों में व्यापक उपयोगकर्ताओं से संबद्ध होना चाहिए और उसे बीते तीन वित्त वर्षों के दौरान इन सभी मानकों पर खरा होना चाहिए। अल्फाबेट, एमेजॉन, ऐपल, बाइटडांस, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट छह वैश्विक दिग्गज कंपनियां हैं जिन्हें गेटकीपर के रूप में तैयार किया गया है।

डीएमए ने गेटकीपरों से मांग की थी कि वे 7 मार्च तक उसके नियमों का पालन सुनिश्चित करें। आयोग का मानना है कि अल्फाबेट और ऐपल के उपाय वित्तीय शुल्कों समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध और सीमाएं लगाने वाले हैं जो डेवलपरों की स्वतंत्र रूप से संचार और पेशकश को बढ़ावा देने तथा सीधे अनुबंध समाप्त करने की क्षमता को बाधित करते हैं।

आयोग यह जांच कर रहा है कि गूगल सर्च जो गूगल शॉपिंग, गूगल फ्लाइट, गूगल होटल आदि को प्रमुखता से दिखाता है, क्या वह प्रतिद्वंद्वी सेवाओं पर खुद को प्राथमिकता देता है? वह ऐपल के मामले में इस बात की भी जांच कर रहा है कि क्या वह उपयोगकर्ताओं को आसानी से सॉफ्टवेयर हटाने देता है, आईओएस की डिफॉल्ट सेटिंग बदलने देता है और उपयोगकर्ताओं को अपनी पसंद की स्क्रीन चुनने देता है जो उन्हें यह इजाजत देता है कि वे अपने आईफोन पर वैकल्पिक ब्राउजर या सर्च इंजन का इस्तेमाल कर सकें।

मेटा के मामले में आयोग इस बात की जांच कर रहा है कि क्या यूरोपीय संघ के उपयोगकर्ताओं के लिए हाल ही में शुरू किया गया 'भुगतान या सहमति' मॉडल डीएमए का अनुपालन करता है जिसके लिए गेटकीपरों को उपयोगकर्ताओं की सहमति पाने की जरूरत होती है, तब जबकि वे विभिन्न प्लेटफॉर्म सेवाओं पर निजी डेटा को संयुक्त रूप से इस्तेमाल करना चाहते हों या उनका परस्पर इस्तेमाल करना चाहते हों।

मेटा का यह द्वैत मॉडल शायद सहमति नहीं देने वालों को सही विकल्प नहीं देता हो। एमेजॉन अपने निजी ब्रांड को तरजीह देता साबित हो सकता है और ऐपल का नया शुल्क ढांचा तथा वैकल्पिक ऐप स्टोरों के लिए अन्य नियम एवं शर्तें डीएमए दायित्वों का विरोधाभासी हो सकता है।

आयोग कंपनी के वैश्विक कारोबार के 10 फीसदी तक का जुर्माना लगा सकता है और उल्लंघन दोहराए जाने पर यह 20 फीसदी तक हो सकता है। अतिरंजित हालात में वह गेटकीपरों को कारोबार को बेचने या संबंधित सेवाओं का अधिग्रहण रोकने की इजाजत दे सकता है। डीएमए बड़े डिजिटल एकाधिकार के लिए एक खरी जांच की तरह है।

अक्सर इन्हें 'स्वाभाविक' एकाधिकार माना जाता है जहां उपयोगकर्ता एक ही सर्च इंजन, ऑनलाइन स्टोर या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में रुचि लेता है। एक बार जब प्लेटफॉर्म बड़ा हो जाता है तो इसे नेटवर्क प्रभाव का लाभ मिलता है। लेकिन रसूखदार कंपनियों का प्रतिस्पर्धा विरोधी रुख भी प्रतिस्पर्धा को दबाता है।

यूरोपीय संघ एक बड़ा और आकर्षक बाजार है और बड़ी से बड़ी कंपनियों को डीएमए के अनुपालन के लिए विवश कर सकता है। जांच के नतीजों के आधार पर डीएमए अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे ही प्रावधान ला सकता है। इससे सुनिश्चित होने वाली प्रतिस्पर्धा से नवाचार बढ़ेगा जो उपभोक्ताओं और उद्यमियों दोनों के लिए लाभदायक होगा।

# इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली के बेसूरे स्वर



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओं महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली से उपजे विचारों ने किन्हीं पवित्र उद्देश्यों के बजाय सत्ता हासिल करने की लालसा को ही उजागर किया, यह निराश करने वाली रैली किसी बड़े बदलाव की वाहक बनती हुई नजर नहीं आयी।

इस रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खींच ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। यह समझना कठिन है कि कोई दल लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करता है तो उससे लोकतंत्र और संविधान कैसे खत्म हो जाएगा। आम जनता के मतों से जीत हासिल करने वाला दल किस तरह से लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाला हो सकता है। विपक्षी एकता का यह महाकुंभ मोदी को कोसने की बजाय किन्हीं ठोस मुद्दों के सहारे कोई प्रभावशाली विमर्श खड़ा करने की कोशिश करता तो वह आम जनता को आकर्षित करता और यही स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक होता। लेकिन ऐसा न होना समूचे देश के विपक्षी दलों की नाकामी, उद्देश्यहीनता एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का द्योतक हैं।

इस रैली में अनेक मुद्दे उठे, जिनमें प्रमुख रहा केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरुपयोग और राजनीतिक भ्रष्टाचार। प्रियंका गांधी ने इस रैली में सरकार के सामने पाँच माँगें रखीं। इनमें प्रमुख दो हैं जिनमें चुनाव आयोग से माँग की गई है कि विपक्षी नेताओं पर छापों की कार्रवाई रोकी जाए। दूसरी और महत्वपूर्ण माँग ये है कि गिरफ्तार हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। इस रिहाई की माँग के पीछे कांग्रेस का उद्देश्य बचे-खुचे संगठनों या पार्टियों को इंडिया गठबंधन से जोड़े रखना है। नीतीश कुमार और ममता बेनर्जी जैसे मज़बूत खम्भे पहले ही उखड़ चुके हैं इसलिए जो कुछ बचा है उसे कांग्रेस समेटे रखना चाहती है, यही उसकी विवशता है। वैसे, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी इस रैली दिखी। कांग्रेस की तरफसे कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफ केंद्रित है। जबकि इस रैली का मकसद आम आदमी पार्टी की तरफसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया। यहां आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच के अन्तर्विरोध को सहज ही समझा जा सकता है।

यह रैली भले ही अठाइस दलों का जमावड़ा बनी, इसे विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रदर्शन भी कहा गया है। लेकिन जबसे इंडिया गठबंधन बना है, तब से उसमें टूट एवं बिखराव के स्वर सुनाई दे रहे हैं। विचारभेद के साथ मनभेद भी सामने आये हैं। महाराष्ट्र से लेकर बिहार तक तमाम राज्यों में टिकट बंटवारे के सवाल पर इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की आपसी खटपट की खबरें भी आ रही थीं। भले ही ये विवाद गिनी-चुनी सीटों को लेकर थे, लेकिन संदेश स्पष्ट था कि चुनाव सिर पर आने के बाद भी इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एकजुट नहीं हो पा रहे। रामलीला मैदान की रैली के जरिए इन दलों ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि मोदी विरोध एवं भाजपा को सत्ता से दूर करने के मुद्दों पर वे एक स्वर में बोल सकते हैं और लगातार बोलते भी रहे हैं, फिर उसके लिये इस महारैली की क्या जरूरत? निश्चित ही एकजुटता के ये स्वर बेसूरे, असहज एवं बनावटी है, इंडिया गठबंधन के राजनैतिक क्षितिज पर जो वरिष्ठ राजनेता हैं उनकी आवाज व किरदार भारतीय जीवन को प्रभावित नहीं कर रहा है। इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की केन्द्र एवं प्रांतों की सरकारों के शासन-काल में तो अपराध, भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, आतंकवाद, प्रांतवाद, जातिवाद की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगलता रहा है। सब अपनी जातियों और ग्रुपों को मजबूत करते रहे हैं-- देश को नहीं। प्रथम पंक्ति का नेता ही नहीं है जिसे मोदी के मुकाबले में खड़ा किया जा सके। भारत के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी।

दो तरह के नेता होते हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो आज भी वे भारत को विकास की नई ऊंचाइयां दे सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इंडिया गठबंधन की चोटी से लेकर प्रांत स्तर पर, समाज स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। यह सोच का दिवालियापन ही है कि दिखते हुए भ्रष्टाचार के बावजूद उसका विरोध नहीं करके, ऐसे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिये लोकतंत्र बचाओ रैली का आयोजन हो रहे हैं। राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कड़वी सच्चाई है, लेकिन वह भी उतना सच है कि इस मामले में कोई भी दल दूध का धुला नहीं है। राजनीति के हमाम में सब नंगे हैं। विपक्षी दल कुछ भी दावा करें, सच्चाई यह है कि राजनीतिक भ्रष्टाचार की समस्या का समाधान उनके पास भी नहीं है। राजनीति में काले धन का इस्तेमाल होता रहा है और कोई भी यह दावे के साथ कहने की स्थिति में नहीं कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। जो विपक्षी नेता भ्रष्टाचार के आरोप में केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना कर रहे हैं अथवा उन्हें जेल जाना पड़ा है, उनके बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने कहीं कुछ गलत नहीं किया। प्रधानमंत्री ने मेरठ में चुनावी महासंग्राम की शुरुआत करते हुए कहा कि अगर विपक्षी नेता पाक-साफ़ हैं तो सुप्रीम कोर्ट उन्हें छोड़ क्यों नहीं रहा है? कुछ तो गड़बड़ होगी ही। कुल मिलाकर बयानों का तीखापन यहाँ- वहाँ आने लगा है। लोकसभा चुनाव के प्रचार में धार आ गई है। यह धार दिन ब दिन और पैनी होती जाएगी।

भारत के केनवास पर शांति, प्रेम, ईमानदारी, विकास और सह-अस्तित्व के रंगों की जरूरत है, पर आज इंडिया गठबंधन इन रंगों को भरने की पात्रता खोकर नायकविहीन है। रंगमंच पर नायक अभिनय करता है, राजनीतिक मंच पर नायक के चरित्र को जीना पड़ता है, कथनी-करनी में समानता, दृढ़ मनोबल, इच्छा शक्ति और संयमशीलता के साथ। लेकिन भारतीय लोकतंत्र की यह एक बड़ी विडम्बना है कि यहां विपक्षी दलों में नायक कम, खलनायक अधिक है। तभी एक मोदी अठाइस दलों के नेताओं पर भारी पड़ रहा है। देखना यह है कि विपक्षी दलों ने राजनीतिक भ्रष्टाचार का मामला उठाकर मोदी सरकार को घेरने की जो कोशिश की, उससे देश की जनता कितनी प्रभावित होगी और इसकी आवश्यकता महसूस करेगी या नहीं कि इस गठबंधन को सत्ता में लाना आवश्यक है। विपक्षी दलों ने जो मुद्दे उठाये, वे प्रभाव पैदा नहीं कर पाये। चुनावी बांड का ही मुद्दा ले, इसमें संदेह नहीं कि चुनावी बांड से दिए जाने वाले चंदे का जो विवरण सामने आया है, उससे अनेक गंभीर सवाल खड़े हुए हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जिन कंपनियों का नाम लेकर यह कहा जा रहा है कि मोदी सरकार ने उन पर अनुचित दबाव डालकर चंदा हासिल किया, उनमें से अनेक ने विपक्षी दलों को भी अच्छा-खासा चंदा दिया है। यह निजी विचार है।

# सरकार रूपी रोटी को उलटते-पलटते रहें

**रघु ठाकुर**

2024 के लोकसभा चुनाव देश के लिये विशेष महत्व और चिंता के चुनाव है। जहां एक तरफ देश का एक बौद्धिक हिस्सा चुनाव के बाद की संभावनाओं को लेकर आशंका व्यक्त कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर देश के ग्रामीण और आम आदमी प्रधानमंत्री के प्रति उत्साह से सराबोर है। विशेषतरू राम मंदिर के निर्माण, फिर प्राण प्रतिष्ठा, फिर अबूधावी में स्वामी नारायण मंदिर का शिलान्यास और अब बनारस की ज्ञानव्यापी और मथुरा के श्रीकृष्ण मंदिर को लेकर एक जुनूनी वातावरण जैसा है।

देश के बौद्धिक जगत के एक बड़े हिस्से में जो आशंकायें हैं वह हो सकता है कुछ कि राजनैतिक प्रतिद्वंदिता की वजह से भी हों या सत्ता हासिल करने के लिये पिछले कुछ समय से जिस प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप चुनावी बहस का आधार बनाये जाते हैं उन्हें देखते हुए इन आशंकाओं के पूर्वाग्रह होने के आरोप को भी एकदम नकारा नहीं जा सकता। परंतु कुछ समय से और विशेषतरू मप्र, छग और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भाजपा की कार्य पद्धति में जो परिवर्तन दिख रहे हैं वे कुछ आशंकाओं को सिद्ध तो करते हैं। वैसे तो पिछले लगभग आजादी के बाद से ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों के चयन में देश के सत्ताधारी दल के केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री का निर्णायक हस्तक्षेप रहा है। परंतु पिछले 55 वर्षों से यानि 1971 में श्रीमती इंदिरा गांधी के बहुमत से जीत जाने के बाद श्हाईकमान्य के नाम से मुख्यमंत्री नामजदगी की परंपरा शुरू हुई और यह बीमारी यहां तक पहुंची कि चुनाव के बाद पार्टियों के विधायक दल चाहे मुख्यमंत्री के पद का चुनाव हो या नेता प्रतिपक्ष का चयन हो, चयन करने के लिये स्वतंत्र नहीं होते तथा एक लाइन का प्रस्ताव पारित करते हैं कि हाईकमान को अधिकार दिया जाता है। यह एक प्रकार से दलों में लोकतांत्रिक प्रणाली का समापन और चरम व्यक्तिवाद और केंद्रीयकरण का उदभव था। यह चलन कांग्रेस के अलावा क्षेत्रीय पार्टियों में भी रहा क्योंकि क्षेत्रीय पार्टियों के राज्य प्रमुख जो होते हैं वे स्वयंभू सर्वेसर्वा होते हैं।

हालांकि भाजपा में यह चलन एकदम उस रूप में शुरू नहीं हुआ था जिस रूप में कांग्रेस में आया था। और वहाँ एक स्तर पर विधायकों की राय को भी जाना जाता था, जो संघ के लोग संगठन मंत्री होते थे वे भी अघोषित रायसुमारी विधायकों में करते थे और इन सब सूचनाओं के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व मुख्यमंत्री के पद का चयन करता था। परंतु इन तीन राज्यों के चुनाव में अप्रत्याशित और विशाल बहुमत की जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और विशेषतरू प्रधानमंत्री को एक छत्र शक्तिशाली बना दिया है। तथा केंद्रीयकरण का चरम रूप देखने को मिल रहा है। इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नामजदगियाँ बगैर किसी रायशुमारी के सीधे केंद्रीय नेतृत्व ने की है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दिखाने का प्रयास भी नहीं किया। विधायक दलों की बैठक में जो केंद्रीय पर्यवेक्षक भेजे गये उन्होंने विधायकों को एक पर्ची दिखाकर बता दिया कि यह केंद्र का निर्णय है और विधायकों ने बिना चू-चपड़ के पर्ची के आदेश को शिरोधार्य किया। पर्ची से मुख्यमंत्री के जन्म की यह नई परिपाटी जो भाजपा में शुरू हुई है यह लोकतांत्रिक तो नहीं ही है इसके साथ ही एक खतरनाक केंद्रीयकरण की भी शुरुआत है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संचालक और उनकी टीम की क्या भूमिका है मैं नहीं जानता, परंतु इसके पहले तक विधायक दलों के चुनाव में जो भूमिका संगठन मंत्रियों के माध्यम से संघ की सुनने या जानकारी में आती थी वह इस बार नहीं लग रही है। हालांकि संघ का शिक्षण व संस्कार भी एक अंधानुकरण का है, याने जिस प्रकार एक गड़रिया समूचे भेड़ों के समूह को हाँकता है और वे उसका आदेश मानकर चलती हैं वही अनुशासन की परिपाटी संघ की रही है। एक राजनैतिक दल के रूप में जनसंघ व भाजपा इस परिपाटी से अभी तक कम से कम दिखावे में मुक्त थी परंतु अब वह दिखावे का हिस्सा भी भाजपा ने छोड़ दिया। हालांकि इसका एक अच्छा भी परिणाम हुआ है कि लंबे समय तक मुख्यमंत्रियों के पदों पर बैठे रहे जो अपना गुट या समर्थकों अथवा कृपा वालों का गुट बनाकर स्थाई जैसे हो गये थे, उनके हाथ से सत्ता छिन गई। निरंतर और स्थाई सत्ता, जड़ता और तानाशाही पैदा करती है। इसलिये सत्ताधारी राजनैतिक दलों में भी परिवर्तन होना चाहिए। मेरी राय में तो हर 5 सालों में नेतृत्व में सत्ता के व संगठन के दोनों में परिवर्तन होना चाहिए। दलों के सत्ता और संगठन के नेतृत्व में परिवर्तन होते रहने से नया नेतृत्व उभरेगा तथा परिवारवाद भी कम होगा। यह लोकतंत्र के लिये भी शुभ है और नये नेतृत्व के लिये उभरने के लिए आवश्यक है। जिस प्रकार पुराना वृक्ष जिसकी जड़ें मजबूत हो जाती हैं, वह सारा रस खींच लेता है और अपने नीचे आस-पास किसी नये पौधे को नहीं पनपने देता वही स्थिति राजनीति की भी होती है।

एक जो दूसरा चिंताजनक पहलू है वह भी विचारणीय है। इन विधानसभा के चुनाव में और चुनाव के बाद पार्टी और सरकार के कार्यक्रम के नाम पर एक नया जुमला शुरू हुआ है, वह है मोदी गारंटी। विधानसभा चुनाव में स्वतरू प्रधानमंत्री ने मोदी गारंटी का सभाओं में उल्लेख किया। यह कहते हुये कि मोदी गारंटी मतलब उसका क्रियान्वयन होना निश्चित है। इस कथन का एक अर्थ यह हुआ कि जो वायदे सूबाई सरकार के मुखिया कर रहे थे उनके क्रियान्वयन की गारंटी नहीं थी बस केवल प्रधानमंत्री जी के वायदे के क्रियान्वयन की गारंटी है तथा विधानसभा चुनाव की जीत के बाद भी यही कहा गया कि जीत का कारण केवल मोदी गारंटी है। याने देश की जनता का विश्वास एक मात्र केवल मोदी जी पर ही है और अब भाजपा शासित सभी राज्यों पर हर विज्ञापन में सिर्फ दो ही चित्र दिखते हैं ऊपर प्रधानमंत्री का, नीचे मुख्यमंत्री का।

इतना ही नहीं राज्यों में हो रहे छोटे बड़े हर काम का लोकार्पण, विमोचन, शिलान्यास और शुरुआत प्रधानमंत्री जी या तो सशरीर उपस्थित होकर या फिर वर्चुअली याने वीडियो कांफ्रें स से कर रहे हैं और उनके हर कार्यक्रम और भाषण को राज्यों में मंत्रियों, मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों को सुनना और देखना अपरिहार्य है। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम कहने को सरकारी होता है, खर्च और व्यवस्था पूर्णतरू सरकारी होती है परंतु वह पूर्णरूपेण दलीय कार्यक्रम होता है। प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के नाम पर इन आयोजनों में सभी बड़े-छोटे नौकरशाह और कर्मचारी भी शामिल होते हैं यह एक प्रकार से नौकरशाही का दलीयकरण है और दलों का नौकरशाहीकरण है।





भारतीय संविधान ने देश के प्रशासन तंत्र को याने नौकरशाही को दलीय राजनीति से मुक्त रखा है। हमारे देश में इन्डपेंडेंट ब्यूरोक्रेसी है। कमिटेड ब्यूरोक्रेसी नहीं है। दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां कमिटेड याने प्रतिबद्ध नौकरशाही है। जैसे अमेरिका में यह परंपरा है कि राष्टपति के चुनाव के बाद पिछले राष्टपति के विश्वसनीय उच्च नौकरशाह बदल जाते हैं और नव नियुक्त राष्टपति अपने पक्ष के नौकरशाहों को लाता है। कम्युनिष्ट देशों में तो दलीय तंत्र ही सत्ता तंत्र होता है। वहां दल के संगठन का निर्वाचन होता है और वही जनमत का निर्णय मान लिया जाता है। यह साम्यवादी तानाशाही होती है परंतु भारत और यूरोप के लोकतांत्रिक देशों में अभी तक यह चलन नहीं था। भारत की ब्यूरोक्रसी को शायद पहले चरण में कमिटेड ब्यूरोक्रेसी बनने के लिये मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी संसद से लेकर सड़क तक और अब उनकी पार्टी भी मोदी इस बार चार सौ पार का नारा लगा रही है। एक राजनैतिक दल के रूप में अपना लक्ष्य तय करने का अधिकार सभी दलों को होता है और उनको भी है परंतु लगातार चार सौ की सख्ंया के उल्लेख के पीछे कुछ अन्य मनोवैज्ञानिक संकेत भी हो सकते हैं जैसे भारतीय संविधान को बदलने के लिये और नया एक धर्म के देश का संविधान लाने के लिये, न्यायपालिका को सत्ता परक बनाने व उसकी स्वतंत्रता समाप्त करने के लिये संसद का तीन चैथाई सदस्य संख्या घोषित रूप से नहीं पर अघोषित रूप से जरूरी है और मौखिक प्रचार से गांव-गांव में यह कहा भी जा रहा है कि मोदीजी को हमें इसलिये 400 की संख्या में जिताना है कि वे संविधान को बदल सकें और हिंदू राष्ट बना सकें।

जिस प्रकार का मोदी गारंटी और मोदी का चित्र और नाम का प्रचार हो रहा है उससे एक ओर आशंका को बल मिलता है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा आगामी लोकसभा के चुनाव में 400 की संख्या लाने के बाद देश में संवैधानिक ढांचे को बदल दें और अभी देश ने जो संसदीयलोकतंत्र स्वीकार किया है उसे बदलकर राष्टपति प्रणाली लाने का भीतर का लक्ष्य हो। तब यह प्रचार किया जायेगा कि संसदीय लोकतंत्र होने की वजह से सरकार काम नहीं कर पाती है याने लोकसभा और राज्यसभा में प्रतिपक्ष अडंगेबाजी करता है इसलिये अब देश में रष्टपति प्रणाली होना आवश्यक है ताकि एक ही व्यक्ति सारे निर्णय कर सके। यह आशंका इसलिये भी तार्किक लगती है क्योंकि संघ के मूल विचारक स्वर्गीय गुरु गोलवलकर जी ने अपनी पुस्तक में एक व्यक्ति केन्द्रित राष्ट की कल्पना की है। वो संसदीय लोकतंत्र के पक्षधर नहीं थे बल्कि राष्टपति प्रणाली के पक्षधर थे। वैसे भी कई हजार वर्ष से भारत राजतंत्रीय और रजवाड़ों का मुल्क रहा है जहां लोगों की मानसिकता कमोवेश अभी भी राजा को चुनने और देखने की है। और उसके इस मानस में नये राजतंत्र को स्वीकृत कराना आसान हो जायेगा। मुझे याद है कि जब श्री शिवराज सिंह चैहान पहली बार मुख्यमंत्री बने थे और उनके विधानसभा क्षेत्र दौरे के समय उनके जूते तत्कालीन कलेक्टर ने उन्हें उठाकर दिये थे जिसके समाचार और चित्र अखबारों में छपे थे। जब इसकी आलोचना हुई तो तत्कालीन भाजपा के संगठन मंत्री श्री कप्तान सिंह सोलंकी ने बयान दिया था कि इसमें कुछ गलत नहीं है। मुख्यमंत्री राजा होता है। कांग्रेस पार्टी में तो पहले ही यह हो चुका है। 1976 में आपातकाल में स्व. संजय गांधी के जूते उठाते तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. नारायणदत्त तिवारी के चित्र सारे देश में देखे गये थे। उत्तरप्रदेश जैसे विशाल प्रदेश का मुख्यमंत्री उम्रदराज और वह भी जनमना जाति से ब्राह्मण अगर प्रधानमंत्री के बेटे के जूते उठा सकता है तो इस देश को कुछ भी स्वीकार्य हो सकता है। मैं व्यक्ति विरोधी नहीं हूं, न मोदी का भक्त हूं न अंध विरोधी हूं परंतु भारतीय लोकतंत्र को कायम रखने के लिये मैं चाहता हूं कि जनता हर पांच वर्ष में सरकारों को बदले ताकि सरकारें स्थिर होकर जड़ और तानाशाह न बन सकें। डॉ.लोहिया कहते थे कि जनता की सरकारों को रोटी के समान उलटते-पलटते रहना चाहिए तभी वे स्वादिष्ट रहती हैं, अन्यथा जलकर बेकार हो जाती हैं।

**यह निजी विचार है।**

# भाजपा लोकसभा प्रबंधन समिति एवम कोर ग्रुप की उप मुख्यमंत्री ने ली बैठक

**जांजगीर-चाम्पा** ।लोकसभा प्रबंधन समिति सदस्यों की जांजगीर जिला कार्यालय में बैठक रखी गई जिसमें छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवम गृहमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए । उनका आगमन 31 मार्च को दोपहर 3 बजे जांजगीर स्थित हेलीपैड में हुआ जहा भाजपा कार्यकर्ता ने उनका आत्मीय स्वागत किया तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में लोकसभा स्तरीय प्रबंधन समिती की बैठक में पहुंचकर सर्वप्रथम भारतमाता एवम श्यामाप्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय जी के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किए । प्रबंधन समिति के सदस्यो की उपस्थिती मे सभी को लोकसभा चुनाव में अपने कार्यों के द्वारा सशक्त भूमिका निभाने को कहा साथ ही जरूरी चर्चा की । उन्होने अलग अलग विभाग प्रमुख सदस्यों से एक एक कर बात की और उनको मिली जिम्मेदारी पर प्रकाश डालते हुए उनको कड़ाई से निर्वहन करने की बात कही और कार्यों पर विस्तार से चर्चा की ।उक्त बैठक के पश्चात जांजगीर जिले की सभी विधानसभा प्रबंधन समिति के सदस्यो के साथ अलग अलग बैठक भाजपा कार्यालय मे देर रात तक कार्यकर्ताओं के साथ करते रहे । इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल लोकसभा संयोजक , सक्ती जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, सहसंयोजक पूर्व विधायक खिलावन साहू , सांसद प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े , पूर्व सांसद कमला देवी पाटले ,सौरभ सिंह , गुरुपाल भल्ला , गुलाब सिंह चंदेल , लीलाधर सुल्तानिया , गिरधर गुप्ता , अंबेश जांगडे , संतोष लहरे , प्रशांत सिंह ठाकुर , प्रदीप सराफ, जितेंद्र देवांगन , अमर सुल्तानिया , नंदनी रजवाडे , संतोषी दुबे , संगीता पांडे , अनुराधा शुक्ला मनोज मिश्रा , अभिमन्यु राठौर , दिनेश सिंह , संतोष अग्रवाल , विवेका गोपाल , नंद चौधरी , अरूण झाझडिया ,पंकज अग्रवाल धनंजय नामदेव मुकेश जायसवाल अमित यादव नवीन राठौर सुमित प्रताप सिंह पलाश चंदेल संजय रामचंद्र शिव चमन सिंह मणिकांत अग्रवाल मोहन यादव अमन प्रताप सिंह ध्वजाराम साहु खमहन तिवारी गणेश श्रीवास भुवनेश्वर साहु निरंजन कोसले अजित गढ़वाल लोकेश साहु

संजय रामचंद्र रामनरेश यादव भुवन भास्कर यादव दिनेश सिंह कार्तिकेश्वर स्वर्णकार अतुल शर्मा दीपक गुप्ता टिकेश्वर गबेल पुरुषोत्तम शर्मा घनश्याम साहू विक्रम प्रताप सुदीप उपाध्याय प्रदीप सोनी रितेश अग्रवाल दिनेश राठौर सोनु यादव गजजु ध्रुव सहित लोकसभा प्रबन्धन समिति एवं विधानसभा प्रबंधन समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित थे




# जय भारत इंग्लिष मिडियम स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




**जांजगीर चाम्पा** - हरिराम गट्टानी मेमेरियल जय भारत इंग्लिष मिडियम स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित। आज दिनाँक 01/04/2024 को हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिष मिडियम स्कूल प्री-प्राईमरी, प्राईमरी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान् प्रवीण कुमार कुलदीप सर जी के द्वारा की गई जिसमे बहुत से छात्र-छात्राओ ने शत्-प्रतिशत अंक प्राप्त किये ।

अच्छा अंक लाना हर छात्र-छात्राओ का सपना होता है, पर ऐसे कुछ ही विद्यार्थी होते है जो वर्ष भर अथक परिश्रम से पूर्णांक प्राप्त करते है। पूर्णांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो के साथ-साथ उनके माता-पिता, अभिभावक व उनके शिक्षको की अहम भूमिका रहती है।

अतः ऐसे अभिभावको और शिक्षको का विद्यालय




परिवार आभारी है। अच्छा परीक्षा परिणाम विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और मैनेजमेंट के बेहतर तालमेल व मेहनत का नतीजा है ।

जिले में यह विद्यालय अपने विकास के पथ पर अग्रसर है। छात्रों को उत्साहित करने के लिए विद्यालय परिवार की ओर से अध्ययन कक्षाओं को सजाया गया और छात्र-छात्राओं के लिए विषेष रूप से सेल्फी जोन बनाया गया जिसमें अंकसूची के साथ बच्चों ने अभिभावको के साथ फ ोटो ली गई। अभिभावक प्रफुल्लित दिखाई दिए।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष श्री अषोक कुमार गट्टानी जी एवं संचालक श्री अजय कुमार गट्टानी जी व विद्यालय के शिक्षा प्रबंधक श्रीमान् हर्षित गट्टानी और विद्यालय के प्राचार्य व षिक्षकों ने छात्र -छात्राओं को शुभार्षिवाद प्रदान किया।

# कलेक्टर ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण का अवलोकन

## प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से समझने के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 01 से 04 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने बलौदा विकासखंड के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा एवं अकलतरा विकासखंड के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में मतदान प्रक्रिया के संबंध में दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से मतदान कराने प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से समझने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दल का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षाणर्थियों से कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों की जानकारी बेहतर तरीके से प्राप्त करे। इसके साथ ही प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर क्रमांक 01, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में भी आयोजित किया गया है।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान दलों को अनुशासित होने के साथ ही नियम एवं प्रक्रिया की जानकारी होना



चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए यह जरूरी है कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यानपूर्वक सुनें, समझें एवं अमल में लाएं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉकपॉल, सीआरसी करना, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदान दल प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# स्वर्गीय माधवी सिंह को लायंस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

## नम आंखों से लायंस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

**जांजगीर चांपा** / शहर के प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी व उत्कृष्ठ समाज सेविका माधवी सिंह की निधन से चहुं ओर शोक की लहर दौड़ गई और सभी ने उन्हे नम आंखों से



श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।ज्ञात हो कि श्रीमती सिंह जांजगीर शहर के प्रख्यात प्रतिष्ठित संस्थान एसडी पैलेस की संचालिका होने के साथ ही सामाजिक , सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यों में अग्रणी थी । इस कड़ी में उन्होने लायंस क्लब से जुड़कर कार्य करते रही और क्लब के द्वितीय उपाध्यक्ष के रूप में अपनी महती भूमिका निभाई थी , जिसके बदौलत वे उत्कृष्ठ समाज सेविका के रूप में स्थापित हुई थी । स्वर्गीय माधवी का जन्म 10फरवरी 1968को हुई थी और वे 27 मार्च को अपने परिवार के साथ समाज , ईस्ट मित्रों को महज 56 वर्ष की आयु में छोड़कर चली गई ।उनके निधन से शहर के समाज सेवक एवं लायंस क्लब से जुड़े डा. परस शर्मा, देवेश सिंह, डा श्रवण सिंह ,राजेश पालीवाल , जीतू अग्रवाल, ऋषि उपाध्याय , रिकेश अग्रवाल, विष्णु धानुका, पत्रकार पवन अग्रवाल, देवकुमार पांडेय, विजय शर्मा आदि ने उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया है ।

# पंच कुंडी रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य रूप से निकला शोभा यात्रा

**संवाददाता।** जांजगीर चांपा / ग्राम जवै ( च ) में यज्ञचार्य आचार्य अमित मिश्रा के सानिध्य में दूसरा वर्ष भव्य रूप से पंच कुंडी रूद्रमहा यज्ञ एवं संगीत में श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा निकाला गया । इसमें समस्त ग्राम वासियों द्वारा कलश यात्रा में 600 कलश यात्रा में सम्मिलित हुए एवं आसपास के सभी श्रद्धालु इस कलश यात्रा में सम्मिलित होकर के ग्राम भ्रमण के लिए निकले ।ग्राम के ठाकुर देव , मन करही मंदिर प्रांगण होते हुए ग्राम भगवान का पूजन अर्चन करते हुए कलश यात्रा निकले , साथ में बनारस हरिद्वार एवं वृंदावन अयोध्या से आए महाराज द्वारा मंत्र द्वारा भगवान का आवाहन पूजन किया गया ।तालाब में जा करके गंगा मैया का आवाहन कर वापस यज्ञशाला भागवत पंडाल में सभी भक्त पहुंचे श्रीमद् भागवत कथा का आचार्य आकाश शरण शास्त्री जी महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ ।इसी कड़ी में



यज्ञशाला का यज्ञ आचार्य अमित मिश्रा द्वारा यज्ञ का पूजन किया गया तथा समस्त भक्त द्वारा भगवान शिव शंकर का आवाहन कर समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी के विकास का कामना किया । यह भागवत 31 तारीख से प्रारंभ होकर के 6 तारीख तक का चलेगा जिसमें जितने भी भक्तगण हैं आचार्य अमित मिश्रा जी ने यह अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर के कथा रसपांकर एवं यज्ञशाला का परिक्रमा कर अपने जीवन को कृतार्थ बने इस कलश यात्रा में ग्राम के उप सरपंच घनश्याम कश्यप जी ठाकुर किशोर कुमार सिंह सत्यनारायण यादव रामकुमार सेठ ठाकुर अमित सिंह दिलीप कश्यप दाताराम साहू मंगलेश साहू जगदीश साहू ठाकुर चांदी सिंह घासीराम साहू सत्येंद्र कश्यप श्रीमती शशि सिंह सावित्री कश्यप सुनैना साहू कुमारी साहू मंगलिल साहू गांव के बैग महादेव कश्यप हरदेव कश्यप पुनीत कश्यप





मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को दिया जा रहा प्रथम चरण का प्रशिक्षण

# वकीलों-खिलाड़ियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**भिलाई-रायपु।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही जहां राजनीतिक दलें चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई हैं तो वहीं भाजपाा में प्रवेश करने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने सैकड़ों की संख्या में लोगों को भाजपा प्रवेश कराया है।

दुर्ग जिले के 150 से ज्यादा वकीलों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इस दौरान कई खिलाड़ियों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने वकीलों और खिलाडियों को पार्टी का गमछा पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत किया। एक साथ बड़ी संख्या में वकीलों और खिलाड़ियों के भाजपा प्रवेश करने पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि, सब मिलकर भाजपा को मजबूत करेंगे और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनाएंगे।

# लायंस क्लब चांपा श्रेष्ठ क्लब से सम्मानित






**। संवाददाता।**

चांपा। लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन कान्फ्रेस का आयोजन कोरबा में दिनांक 31 मार्च को किया गया। जिसमें रीजन के सभी क्लब सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय लखनलाल देवांगन (उद्योग मंत्री छ.ग.शासन) एवं लायन शैलेश अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं लायन पवन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब चांपा को अनेक अवार्ड से सम्मानित किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से लायंस क्लब चांपा को ह्यूमेटेरियम अवार्ड, बेस्ट स्क्रेब बुक, बेस्ट फोटो एलबम, बेस्ट बेनर प्रेजेन्टेशन एवं समर्पण अवार्ड से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने उक्त अवार्ड प्राप्त करते हुए कहा कि यह लायंस क्लब चांपा के लिए गौरव का विषय है। लायंस क्लब चांपा को स्थाई सेवागतिविधि के रूप में लायंस स्कूल के संचालन के लिए भी पुरस्कृत किया गया। लायन बजरंग अग्रवाल को लाईफ टाईम एचिवमेंट अवार्ड, लायन राजेश अग्रवाल को जी.एम.टी. अवार्ड, लायन संतोष कुमार सोनी को बेस्ट सचिव अवार्ड, लायन शैलेश बाजोरिया को बेस्ट कोषाध्यक्ष अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल एवं लायन उत्तमप्रकाश देवांगन को भी सम्मानित किया गया।

उक्त सम्मान के लिए लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल (पीडीजी) ने लायंस क्लब चांपा को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने सभी लायन साथियों का आभार व्यक्त किया एवं क्लब के सेवागतिविधियों में सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# नक्सलियों ने 4 ट्रकों को किया आग के हवाले



**नारायणपुर,** नक्सली अपनी कायराना करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं। आज फिर से नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने 4 ट्रकों में आगजनी की है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, नारायणपुर ओरछा मार्ग पर छोटेडोंगर के बीच बस्ती में आत्मानंदन स्कूल के पास नक्सलियों ने की बीती रात आगजनी की वारदात को अंजाम दिया। जिन चार ट्रकों को नक्सलियों ने आग के हवाले किया है वह अमदई लौह अयस्क परिवहन की है। वहीं घटना के दौरान वाहन के चालक और परिचालक को नक्सली अपने साथ ले गये थे। जिसके कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया। आगजनी के तुरंत बाद घटना स्थल पर जवानों ने कार्रवाई की। जिसके बाद नक्सली मौके से भाग निकले। इस घटना की पुष्टि नारायणपुर एएसपी रॉबिन्सन गुरिया ने की है।

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहारों को मनाने की अपील

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हुई एक करोड़ 29 लाख की धोखाधड़ी के मामले का खुलासा, 6 गिरफ्तार



**दुर्ग,** जिले के भिलाई में पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा किया हैं। पुलिस ने अलग-अलग लोगों से करीब 1 करोड़ 29 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं और उनके पास से कई एटीएम कार्ड समेत करीब 35 लाख का सामान जब्त किया हैं। आरोपी शेयर बाजार में निवेश करने वालों को अपने निशाने पर लेते थे। खासकर ऐसे लोग जिनके पास डीमेट अकाउंट मौजूद थे। पुलिस ने बताया हैं कि आरोपियों ने गूगल प्ले स्टोर पर फर्जी एप अपलोड कर लिया था। वे लोगों को वेबसाइड में फर्जी डैशबोर्ड में फायदा दिखाकर झांसे में लेते थे। पीड़ित बड़ा फायदा देखकर आसानी से उनके झांसे में आ जाते थे। एसीसीयू और पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 18 मार्च 2024 को आवेदक रोहित बघेल उम्र 62 वर्ष निवासी आदर्ष नगर दुर्ग थाना पद्ममनाभपुर उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि आर.के.टेक्नालॉजी कम्पनी के कर्मचारी सिद्धार्थ सक्सेना द्वारा शेयर बाजार में ट्रेडिंग के नाम पर डी-मेट एकांउट खुलवाकर कुल रकम 01 करोड़ 29 लाख रूपये शेयर में निवेष कराने का झांसा देकर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पद्ममनाभपुर में धारा 420, 467, 468, 471, 406, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना को अत्यन्त गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला (भापुसे) के द्वारा धोखाधड़ी करने वाले गिरोह की पतासाजी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये। जिसके परिपालन में थाना पद्ममनाभपुर तथा एसीसीयू की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा प्राथी से संपर्क स्थापित कर घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी जैसे कि घटना अवधि के दौरान प्रार्थी के मोबाईल पर आने वाले नम्बरों एवं टेऊडिंग कार्य को संचालित करने के लिए पैसो के लेने देन में उपयोग होने वाले बैंक एकाउण्ट के संबंध में एकत्रित किया जाकर सूक्ष्मता से विष्लेषण किया गया। मोबाईल नम्बरों के कॉल डिटेल प्राप्त किये गये, ठगी में उपयोग किये विभिन्न बैंकों के खातों का स्टेटमेंट प्राप्त किया गया, जिनका सूक्ष्मता से विष्लेषण करने पर यह जानकारी प्राप्त हुयी कि घटना करने वाले आरोपियों द्वारा घटना उत्तर प्रदेश के झांसी शहर में रहकर कारित की जा रही है एवं पैसों का आहरण एक खाता से दूसरे खाता में जमा कराया जाकर मध्यप्रदेष के छत्तरपुर, ग्वालियर, राजनगर, भोपाल, झांसी (उ.प्र.) से एटीएम के माध्यम से रकम की निकासी की जा रही है। आरोपियों की उपस्थिति लगातार परिवर्तित हो रही थी जिससे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देष पर एक विषेष टीम निरीक्षक अम्बर सिंह के नेतृत्व में भोपाल के लिए रवाना किया गया। आरोपियों की उपस्थिति लगातार भोपाल से ग्वालियर, षिवपुरी, इंदौर फिर झांसी में होना पता चला, जिसके आधार पर टीम झांसी पहुंचकर आरोपियों की पतासाजी उनके उपस्थिति के आधार पर कर रही थी। इसी दौरान स्थानीय स्तर पर पतासाजी करने पर झांसी स्थित सर्व नगर में चावड़ा बिल्डर्स के अपार्टमेन्ट में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति का होना पता चला।

प्रकरण से संबद्ध मोबाईल नम्बरों का लोकेषन भी उसी स्थान पर पाये जाने से टीम द्वारा लगातार पतासाजी के उपरांत चावड़ा बिल्डर्स के तीसरे माले में स्थित एक अपार्टमेन्ट को चिन्हित कर दबिश दी गयी। जहाँ आकाष चौहान, अमित यादव, गौरव सिंह परमार, दिग्विजय सिंह बुंदेला, शिवम यादव एवं बाबू रैंकवार को पकड़ा गया, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन व सिम कार्ड प्राप्त हुआ। जिनसे पृथक-पृथक विस्तृत पूछताछ करने पर आकाश उर्फ लक्की के द्वारा छद्म नाम सिद्धार्थ सक्सेना, अमित यादव के द्वारा छद्म नाम राहुल गुप्ता व विक्रांत गुप्ता के नाम से प्राथी को मोबाईल फ ोन के माध्यम से बातचीत कर ठगी करना, गौरव सिंह परमार उर्फहमीद उर्फअमित शर्मा, दिग्विजय सिंह, शिवम यादव उर्फ राम उपाध्याय, बाबू रैकवार उर्फ अमन के द्वारा ठगी की घटना में बैंक खातों की व्यवस्था करना, बैंक से एटीम के माध्यम से रकम निकासी करना तथा बैंक एकाउण्टों का संधारण करना स्वीकार किये। पूछताछ पर आरोपियों के द्वारा धोखाधड़ी की घटना में फरार आरोपी मास्टर माइंड जितेन्द्र परमार एवं यषवर्धन सिंह परमार डारेक्टर होना जिनके द्वारा धोखाधड़ी करने के लिए बैंक खाते, सिम कार्ड, मोबाईल फोन, कम्प्यूटर सिस्टम एवं ठगी की घटना को अंजाम देने के लिए लोगों के पर्सनल डाटा उपलब्ध कराना बताया गया।

## छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में दो दिवसीय कार्यशाला कंटेंट क्रिएशन फॉर स्वयं कोर्सेस संपन्न



### गतेश्वर मंदिर में शिवलिंग की चोरी

बिलासपुर, जिले के ओखर गांव में स्थित गतेश्वर नाथ मंदिर से शिवलिंग चोरी का मामल सामने आया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने गांव के गतवा तालाब के पास स्थित व्हाइट संगमरमर पत्थर के शिवलिंग को चुरा लिया। मंदिर का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने बेशकीमती मूर्ति की ही चोरी की है, दानपेटी को हाथ भी नहीं लगाया है। घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात चोर भाग निकले. घटना की जानकारी सुबह गांव के लोगों को हुई। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम ओखर में बस्ती के अंदर स्थित गतवा तालाब है। जिसके तट में स्थित गतेश्वर महादेव के शिवलिंग को कोई अज्ञात व्यक्ति काले ग्रेनाइट की जलहरी में स्थित सफेद संगमरमर की शिवलिंग को चोरी कर ले गया। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण ने जब सुबह नहा कर पूजा करने मंदिर पहुंचे, तब देखा की जलहरी के ऊपर का भाग शिवलिंग गायब है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पचपेड़ी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस अफसर फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम के साथ मौके पर पहुंचे. फिलहाल, जांच जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ही खुदाई के दौरान काले ग्रेनाइट की जलहरी जमीन से खुदाई के दौरान मिली थी। जिसको ऊपर जलहरी में सफेद संगमरमर की शिवलिंग को स्थापित किया था। 1947 में भारत आजाद होने के बाद स्वर्गीय कपिल नाथ पांडेय ने इस शिवलिंग को मध्यप्रदेश स्थित भेड़ाघाट से लेकर आये थे। माघ की पूर्णिमा को में बीते 5 वर्षों से ग्राम ओखर में मेला का आयोजन किया जा रहा है। गतेश्वर नाथ की पूजा अर्चना के बाद मेले की शुरवात होती है। ग्रामीणों ने बताया कि गतेश्वर नाथ शिवलिंग का आकार धीरे-धीरे बढ़ रहा था। वहीं साल में तीन बार अपना रंग बदलता था. जिस मंदिर में शिवलिंग की चोरी हुई है, वहां लगे सीसीटीवी कैमरे खराब हो गए है. पुलिस ने गांव में लगे एक घर के सीसीटीवी कैमरा को चेक किया, तो पता चला कि रात 1:40 बजे के आसपास बाइक में सवार दो व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं. जो टोपी पहने हुए है और मुंह को कपड़े से बांध रखे हैं। आशंका जताई जा रही है कि यही व्यक्ति शिवलिंग को चोरी कर ले गए होंगे।

# पाम्पलेट, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर प्रतिबंध

### लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अतंर्गत मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा कलेक्टर ने की

### 0 आदर्श मतदान केन्द्रों में टेंट व्यवस्था, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

**दंतेवाड़ा,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभाकक्ष में नोडल अधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री जयंत नाहटा के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के अतंर्गत जिले में स्थापित 01 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 06 युवा मतदान केन्द्र एवं 10 संगवारी मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत व्यवस्था एवं मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि आदर्श मतदान केन्द्रों में से हर ब्लाक में तीन-चार मतदान केन्द्रों का विशेष रूप से चिन्हांकित करने के लिए स्वागत द्वार, सेल्फी पाईंट और आकर्षक टेंट व्यवस्था की जाए। साथ ही प्रत्येक आदर्श मतदान केन्द्रों में प्रसाधन केन्द्र, पेयजल व्यवस्था, छायादार सुनिश्चित होनी चाहिए। बैठक में इसके अलावा मरम्मत की आवश्यकता वाले मतदान केन्द्रों, विद्युत विहीन मतदान केन्द्रों की जानकारी चाही गई और एक-दो दिवस के अंदर सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उल्लेखनीय कि जिले में 01 दिव्यांग मतदान केन्द्र, चितालूर प्राथमिक शाला चितालूर में, 06 युवा मतदान केन्द्र, के तहत दन्तेवाड़ा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दन्तेवाड़ा, गीदम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय गीदम, छिंदनार आदर्श कन्या माध्यमिक आश्रम शाला छिंदनार, पोटाकेबिन गाटम, कुआकोंडा माध्यमिक शाला ब्लाकपारा कुआकोंडा, केन्द्रीय विद्यालय बड़े बचेली, तथा 10 संगवारी मतदान केन्द्र के अन्तर्गत प्राथमिक शाला डेगलरास, प्राथमिक शाला भैरमबंद, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दन्तेवाड़ा, दंतेश्वरी प्राथमिक शाला दन्तेवाड़ा, शासकीय प्राथमिक शाला पातररास, नवीन प्राथमिक शाला आयतुपारा कारली-01, माध्यमिक शाला आयतुपारा कारली-02, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कारली-06, माध्यमिक शाला भवन बोरपदर गीदम-04 एवं 07 नवीन बालक आश्रम शाला बारसूर को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है।

### 40 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद,** पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर व एसडीओपी मैनपुर बजी लाल सिंह के मार्गदर्शन में नशे के विरूद्ध एक विशेष अभियान नया सवेरा योजनान्तर्गत अवैध शराब बेचने पिलाने व अन्य नशीली पदार्थो पर कार्यवाही किया जा रहा है। जिसके परिपालन में थाना प्रभारी थाना शोभा के द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने रखकर परिवहन के करते पाये जाने थाना शोभा एवं अन्य स्टाफको हमराह लेकर धर पकड़ की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले आरोपी रामदेव गोड पिता चौधरी गोड उम्र 30 वर्ष,आनंद गोड पिता बजरु गोड उम्र 19 वर्ष निवासी कोकामटा थाना रायगढ जिला नवरंगपुर उडीसा के खिलाफ34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# टीआई ने ली शांति समिति की बैठक

### बालको ने समुदाय के साथ धूमधाम से मनाया उन्नति उत्सव

### 0 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को उद्यमशीलता कौशल को निखारने का अवसर दिया

### 0 प्रेरणादायक लोगों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया

### 0 समुदायिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए एक नई मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) लॉन्च



**बालकोनगर,** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'उन्नति परियोजना' के अंतर्गत 'उन्नति उत्सव' का तीसरा वार्षिकोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय की महिलाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रदर्शनी के माध्यम से उद्यमशीलता कौशल से संपन्न और स्वयं सहायता समूहों में संगठित महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें सजावट की वस्तुओं, खाद्य पदार्थों तथा स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पादों की एक श्रृंखला शामिल थी। इस आयोजन में समुदाय की 650 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जिन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्नति उत्सव के तीसरे वार्षिकोत्सव में समुदाय की महिलाओं के लिए विभिन्न खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को शामिल किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए स्थानीय नृत्य कर्मा और राउत का प्रदर्शन किया। सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्होंने महिला सशक्तिकरण, माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन, उद्यमिता और लड़कियों की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करने वाले नाटकों और प्रदर्शनों का मंचन किया। प्रभावशाली नाटकों, सांस्कृतिक प्रदर्शनों, पुरस्कार समारोह और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के स्टालों के साथ मनोरम प्रदर्शनी की विशेषता वाले उन्नति उत्सव में 1000 से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी की। आयोजन ने एसएचजी की महिलाओं के लिए प्रचार और कमाई के अवसर प्रदान करने का मंच भी दिया जिन्होंने आम आगंतुकों के लिए खुली प्रदर्शनी में अपने हस्तनिर्मित भोजन और सजावट की वस्तुओं के साथ स्टॉल लगाए थे।

### सुने मकान में चोरी करने वाले चोर पकड़ाये

### चोरी का फ्रिज, एलईडी टीवी वासिंग मशीन जप्त

### नाम आरोपी . मन्नु सिंह बरगाही पिता रंगदेव सिंह बरगाही उम्र 28 साल साकिन कृष्णा नगर दीपका थाना दीपका जिला कोरबा स्थायी पता ग्राम मडवा थाना सीधी जिला सीधी म0प्र0

**कोरबा,** दीपका थानाक्षेत्र के प्रगति नगर कॉलोनी में हुई चोरियों के मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है वही दूसरा चोर फरार है जिसकी तलाश जारी है। मामले में पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रगतिनगर दीपका कालोनी रहने वाले पंकज कुमार यादव ने थाना दीपका में शिकायत दर्ज करवाई थी कि दिनांक 26/1/2024 से दिनांक 29/01/2024 तक छुट्टी में अपने पैतृक ग्राम गया था इस दौरान किसी ने उसके मकान का ताला तोड़कर फ्रिज,वासिग मशीन व घरेलु सामान को चोरी कर लिया है। इसी प्रकार एक अन्य मामले में प्रगतिनगर दीपका कालोनी के ही रहने वाले जितेन्द्र कुमार दुबे निवासी ने भी शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13/01/2024 से 25/1/2024 तक छुट्टी मे था इस दौरान इसके मकान के पीछे दरवाजा को तोड़कर अज्ञात चोर घर अंदर से वासिग मशीन, माईक्रो ओवन व घरेलु समान चोरी कर ले गया है। दोनों ही मामलों में दीपका पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी। मामले की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर विवेचना में लगी पुलिस ने मुखबीर से मिली .

# एसईसीएल के 200 करोड़ की वित्तीय सहायता के बावजूद फोरलेन सड़क अधूरी

### कोरबा की जनता कांग्रेस के धोखे में नहीं आने वाली: मंत्री श्री देवांगन



**कोरबा,** । सांसद ज्योत्सना महंत पर तंज कसते हुए उद्योग मंत्री ने कहा की जब कोरोना की महामारी फैली थी तब यहां की सांसद गायब थी, जब शहर में घंटो बिजली गुल रहती थी तब भी सांसद गायब रही, क्या कोरबा लोकसभा की जनता ने उनको गायब रहने के लिए सांसद बनाकर दिल्ली भेजा था, जनता अब कांग्रेस के धोखे में नहीं आएगी। जनता इस बार कांग्रेस को वोट की चोट देगी, सांसद को सबक सिखाएगी।

भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन का धुंआधार प्रचार रविवार को कोसाबाड़ी मंडल के तीन वार्डों में जारी रहा।सुभाष ब्लॉक में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि एसईसीएल कर्मचारियों की समस्या को पहली और आखरी बार यहां की सांसद ने कब उठाया था, आज कॉलोनियों में मकान रहने लायक नहीं है, कर्मचारी कई तरह के विसंगतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की सांसद ने कभी मुखरता से आवाज ही नहीं उठाई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, दिनेश वैष्णव, राम त्रिपाठी, मनोज सिंह,सुमन सोनी, वैभव शर्मा, यासीन खान, मनोज यादव समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

**मंत्री ने कसा तंज: पांच साल में एक बार भी श्रमिक बस्तियों में नहीं आई सांसद**

काशीनगर में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने सांसद पर तंज कसते हुए कहा की श्रमिक और श्रमिक बस्तियों से ज्योत्सना महंत ने पूरे पांच साल से दूरी बना कर रखी रही, कांग्रेस झूठे वादे कर पिछले चुनाव जीत गई थी, चुनाव जीतकर कोरबा से गायब हो गई।

# नुक्कड़-नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने दिया मतदाता जागरूकता

### सी-विजिल एप से कर सकेंगे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

### 0 शिकायत पर 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

**रायगढ़,** स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन-2024 में भी सी-विजिल ष्ट-मोबाइल एप लेकर आया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त होने पर समय-सीमा में कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होने पर उडनदस्ता (एफएस.टी.) तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगा। इस एप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। इसमें शिकायतकर्ता शराब, पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल ऐप पर कर सकते हैं। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। 100 मिनट में शिकायत पर एक्शन होगा। ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी निगरानी कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं।

यह एप एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन और ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है। इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है जहां आप हिन्दी या अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते हैं। इसके बाद आपको अपना मोबाइल नंबर लिखना होगा, जिस पर एक ओटीपी आएगा।

ओटीपी दर्ज करने के बाद आपको अपने नाम, पता, राज्य, जिला, लोकसभा क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। ये जानकारियां देने के बाद आपको वेरिफाई पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एप का होम पेज खुल जाएगा, जहां आपको फोटो, वीडियो और ऑडियो के विकल्प मिलेंगे। आप जिस भी माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवाना चाहते हैं, वह विकल्प चुन कर आयोग को आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन की जानकारी पहुंचा सकते हैं।

# ईडीसी एवं डाक मतपत्र से मतदान करने दिया गया प्रशिक्षण

### सीए ब्रांच ने नेशनल कान्फ्रेन्स का आयोजन किया



**भिलाईनगर,** । सीए भिलाई ब्रांच द्वारा दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। बैंक ऑडिट एवं कंपनी ऑडिट कंप्लायंस विषय पर आयोजित इस दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस में वक्ताओं ने फॉरेंसिंक ऑडिट की बारिकियों पर चर्चा की एवम साथ ही किस तरह से बैंकों में एनपीए किया जाता है, इसकी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में दिल्ली, नोएडा, मुंबई, सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए वक्ताओं ने शिरकत की और महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर की गई। तत्पश्चात सीएस नितिन अग्रवाल ने प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लिए लाये गए डीमैट के प्रावधान पर अपनी व्याख्यान व्यक्त की। सीए चेतन दलाल ने ऑडिट के वक्त फ्रॉड और फॉरेंसिक ले एंगल को किस तरह से देखना चाहिए उसके बारे में विस्तार से बताया। सीए अंकेश व्यास, सीए लोकेश गुप्ता ने बैंक ऑडिट के संबंधित किस तरह से बैंकों में एनपीए किया जाता है और बैंक के ऑडिट करते समय किन चीज़ो का ध्यान रखना चाहिए उसके बारे में बताया। सीए इंदरजीत कौर ने कंपनी एक्ट में नॉन रिपोर्टिंग एंटिटीज के फॉर्मेट के बदलाव को समझाया एवं सीए असीम त्रिवेदी ने आज के सबसे महत्वपूर्ण टॉपिक ऑडिट ट्रेल और ऑडिट लाग जो प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के लिए या किसी भी कंपनी के लिए मेंडेटरी हो गया है, उसके न किए जाने के परिणाम और रिपोर्ट में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता सीए अभय छाजेड़ ने बैंक की लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट को पॉइंट तो पॉइंट चर्चा कर समझाया। साथ ही दो दिवसीय कार्यक्रम में सीए एलएन अग्रवाल और सीए एससी लेखवानी पैनल स्पीकर के रूप में मौजूद रहे ।

